

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 23 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-116 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# मुख्यमंत्री ने किया 'तरुण छत्तीसगढ़' के नवपरिवर्तित स्वरूप का विमोचन

**रायपुर,23 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से प्रकाशित प्रतिष्ठित सांध्य दैनिक 'तरुण छत्तीसगढ़' के नवीन कलेवर और रूपांतरण का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने समाचार पत्र के बदले हुए स्वरूप और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि तरुण छत्तीसगढ़ राज्य की पत्रकारिता में नई ऊर्जा और सशक्त जन-सरोकारों की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ा रहा है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह पत्र जनता की आवाज को मुखर करने में बड़ी भूमिका निभाएगा और प्रदेश की पत्रकारिता को नई दिशा देगा। इस अवसर पर तरुण छत्तीसगढ़ के संपादक संजय दुबे, प्रबंध संपादक आशीष तिवारी एवं महाप्रबंधक उत्तम कुमार अलकरे उपस्थित थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को अखबार के नए डिजाइन, कंटेंट और विजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सम्पादकीय टीम ने बताया कि 'तरुण छत्तीसगढ़' अब और भी अधिक जनोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ प्रदेश की समस्याओं, संभावनाओं और समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है।




## संक्षेप

### विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा इस साल 24 से

**बस्तर,23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ का विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा इस साल 24 जुलाई से शुरू होने जा रहा है. आदिवासी परंपरा और संस्कृति के इस अनूठे महापर्व को हर साल पूरी आस्था के साथ भव्य रूप में मनाया जाता है, जिसे देखने देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग बड़ी संख्या में बस्तर पहुंचते हैं. इस साल यह महापर्व 24 जुलाई से शुरू होकर 7 अक्टूबर तक चलेगा. दशहरा की शुरुआत 24 जुलाई को पाट जात्रा पूजा विधान से होगी जिसमें एक पवित्र लकड़ी को लाकर दंतेश्वरी मंदिर परिसर में पूजा जाता है. इसे टुरलू खोटला कहा जाता है, जिससे रथ निर्माण के लिए औजार बनाए जाते हैं. इस परंपरा के बाद रथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू होती है, जिसके लिए लकड़ियां जंगल से लाने का कार्य शुरू जाता है. दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि यह परंपरा रियासत काल से चली आ रही है और आज भी पूरी श्रद्धा और रीति-रिवाजों के साथ मनाई जाती है.

### भुवनेश्वर में बीएमसी इंजीनियर के ठिकानों पर विजिलेंस के छापे पड़े

**भुवनेश्वर ,23 जुलाई ।** ओडिशा में भ्रष्टाचार को लेकर बड़े अधिकारियों के खिलाफ सतर्कता विभाग (विजिलेंस विभाग) का एक्शन जारी है। इसी क्रम में बुधवार को सतर्कता विभाग ने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में राज्य के अलग-अलग जिलों में छापे मारे। भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जगन्नाथ पटनायक के ठिकानों पर यह छापेमारी हुई।

इस कार्रवाई को करते हुए 6 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी), 10 निरीक्षकों और अन्य सहायक कर्मचारियों की एक टीम ने बुधवार को 4 ठिकानों पर छापे मारे। भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के कार्यकारी अभियंता जगन्नाथ पटनायक के खिलाफ सर्च वारंट जारी हुआ था। जानकारी के मुताबिक, भुवनेश्वर के बडागडा में स्थित तिमंजिला आवासीय इमारत, बीएमसी कार्यालय कक्ष, खोरधा जिले के बलियांता तहसील के अंतर्गत मौजा राणापुर में स्थित एक फार्महाउस और रायगढ़ जिले में स्थित जगन्नाथ पटनायक के पैतृक घर पर ओडिशा सतर्कता विभाग की टीमें पहुंचीं।

### चाल धंसने से 10 से ज्यादा मजदूरों की मौत की आशंका

**धनबाद ,23 जुलाई।** झारखंड के धनबाद जिले में बाघमारा प्रखंड के केसरगढ़ इलाके में अवैध कोयला खनन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। बीसीसीएल ब्लॉक 2 के शिव मंदिर के पास मंगलवार देर रात चाल धंसने से 10 से अधिक मजदूरों के दबने की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक, इस हादसे में 10 से ज्यादा लोगों की खबर है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सरयू रॉय ने इस हादसे के बारे में एक्स पोस्ट में लिखा, बाघमारा, धनबाद के जमुनिया नामक स्थान पर अवैध खनन की चाल धंसने से मंगलवार को 9 मजदूरों की मौत हो गई।

## मीडिया सलाहकार पंकज झा ने उप राष्ट्रपति के इस्तीफे पर राहुल गांधी के स्टैंड को बताया हिप्पोक्रेसी का नमूना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर राहुल गांधी और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के स्टैंड पर सवाल किया है. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दिन ऐसा कोई दिन नहीं होता जब राहुल गांधी और छत्तीसगढ़ कांग्रेस अपने हिप्पोक्रेसी का कोई न कोई उदाहरण प्रस्तुत नहीं करते हों. पंकज झा ने पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पूर्व में संसद परिसर में टीएमसी नेता कल्याण बैनर्जी द्वारा की गई मिमिक्री का मोबाइल से वीडियो बनाते राहुल गांधी की वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है. इसके साथ झा ने कहा कि आज कांग्रेस कह रही है कि धनखड़ का इस्तीफा अस्वीकार कर उन्हें पद पर बने रहना चाहिए. इसी कांग्रेस ने धनखड़ पर महाभियोग लगाने की कोशिश की थी. शायद इतना अपमान पहली बार हुआ होगा उपराष्ट्रपति पद का. मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार ने आरोप लगाया कि इसी तरह स्वास्थ्य मामले को लेकर जिस तरह कांग्रेस आज अफवाह फैलाने की घृणित कोशिश कर रही है, उसी कांग्रेस ने संसद परिसर में ही इस तरह मिमिक्री कर उपराष्ट्रपति की बॉडी शेमिंग की थी, उनकी शारीरिक स्थिति का मजाक उड़ाया था. और राहुल गांधी अपने मोबाइल से उसका वीडियो बनाते हुए खिलखिला रहे थे. क्या ही कहें! शर्मनाक

## सोशल मीडिया से लीक हो रही नक्सल ऑपरेशनों की रणनीति !

**जगदलपुर,23 जुलाई।** बस्तर में सुरक्षाबलों के लगातार ऑपरेशन के बावजूद नक्सलियों पर निर्णायक बढ़त नहीं मिल पा रही है. हाल के महीनों में कई बार ऐसा देखा गया कि घेराबंदी के बावजूद नक्सली पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए. ऐसे में अब सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर ऑपरेशनों की जानकारी नक्सलियों तक कैसे पहुंच रही है. पुलिस महकमे की शुरुआती जांच में जो वजह सामने आई है, वह चौंकाने वाली है. ऑपरेशनों में तैनात जवानों की सोशल मीडिया गतिविधियां, ऑपरेशन की रणनीति की लीक का बड़ा कारण बन रही हैं. डीआरजी जवानों द्वारा बनाए जा रहे सोशल मीडिया रील्स, ग्रुप फोटोज और वीडियो शूटिंग के चलते नक्सली पुलिस की चालें पहले ही भांप ले रहे हैं. बसवराजू जैसे शीर्ष नक्सली नेता की मौत के बाद भी संगठन की टेक्निकल और खुफिया सक्रियता में कोई कमी नहीं आई है. लगातार जारी हो रहे नक्सली प्रेस नोट इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि वे पुलिस की रणनीति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं. इतना ही नहीं, मुखबिरी करने वाले ग्रामीणों को भी वे चुन-चुनकर निशाना बना रहे हैं.



**सात ऑपरेशन्स में केवल दो ही सफल**-पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीते दो महीने में 7 से अधिक ऑपरेशन लॉन्च किए गए, लेकिन इनमें से सिर्फ दो ही सफल रहे. नारायणपुर में महाराष्ट्र सीमा पर हुए ऑपरेशन में जरूर 6 नक्सली ढेर किए गए, लेकिन इसके लिए भी दो दिन तक पहाड़ों और जंगलों में लगातार पीछा करना पड़ा.

**सोशल मीडिया अकाउंट्स की हो रही पहचान**-आईजी बस्तर सुंदरराज पी ने माना कि सोशल मीडिया पर जवानों की सक्रियता अब सुरक्षा में सेंध का कारण बन रही है. उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान कर बैन किया जाए, जो ऑपरेशन के दौरान वीडियो शूटिंग या अन्य गतिविधियां कर रहे हैं.

**ऑपरेशन प्रोटोकाल का उल्लंघन**-आईजी ने यह भी बताया कि कई मौकों पर जवानों द्वारा मुठभेड़ के दौरान ही वीडियो रिकॉर्डिंग की जानकारी मिली है, जो न केवल ऑपरेशन प्रोटोकॉल का उल्लंघन है, बल्कि पूरी टीम को जोखिम में डाल सकता है. ऐसे में अब पुलिस मुख्यालय ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित जवानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## विपक्ष पर शिवराज सिंह चौहान ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,23 जुलाई।** ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के शोरगुल भरे विरोध के बीच संसद का मानसून सत्र शुरू होते ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाथ जोड़कर सांसदों से अपनी सीटों पर लौटने की अपील की, ताकि सदन में निर्धारित प्रश्नकाल के दौरान किसानों से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा हो सके। लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कृषि मंत्री सवालों के जवाब देने के लिए उठे ही थे कि विपक्षी सदस्य तख्तियाँ लेकर खड़े हो गए और विरोध करने लगे। जवाब में, चौहान ने हाथ जोड़कर उनसे अपील की कि आज किसानों का दिन है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंडिया ब्लॉक 'हल्लाड़' ब्लॉक



बन गया है। संसद के बाहर वे कहते हैं कि चर्चा होनी चाहिए, लेकिन वे सदन में बहस से भाग रहे हैं। कल मैंने हाथ जोड़कर विपक्ष से चर्चा होने देने की अपील की थी, लेकिन वे हंगामा करते रहे। उन्होंने कहा कि सदन में किसानों के कल्याण और संबंधित योजनाओं के बारे में कई प्रश्न सूचीबद्ध थे। मैं किसानों और जनता से अपील करता हूं कि वे इंडिया ब्लॉक के इस दोहरे मापदंड को देखें। मंत्री ने विपक्ष से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया और किसानों के मुद्दों पर ध्यान देने के महत्व पर ज़ोर दिया। मंत्री ने सत्र के दौरान कहा कि माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा विनम्र अनुरोध है कि आज सूचीबद्ध 20 प्रश्नों में से 11 प्रश्न किसानों, गरीबों और ग्रामीणों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष से अपील करता हूँ कि वे किसानों से संबंधित इन महत्वपूर्ण प्रश्नों को उठाने दें। हम इनका उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, "हम इस अवसर का उपयोग सदन और देश को किसानों के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के लिए भी करना चाहते हैं। आज का दिन किसानों को समर्पित होना चाहिए। आइए हम कृषि, किसानों, गाँवों और गरीबों पर चर्चा करें। यह मेरा विनम्र अनुरोध है।"

## गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का भंडाफोड़

**नई दिल्ली,23जुलाई।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने गाजियाबाद में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया है। एसटीएफ ने हर्ष वर्धन जैन पुत्र जे डी जैन को गिरफ्तार किया है। वह गाजियाबाद के कविनगर का रहने वाला है। अवैध और फर्जी दूतावास से भारी मात्रा में कैश और डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट वाली गाड़ियां बरामद हुई हैं। हर्षवर्धन केबी 35 कवीनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से वेस्ट आर्कटिक दूतावास चला रहा था। वह अपने आप को West Arctica, Saborga, Poulvia, Lodonia आदि देशों का कॉन्स्युलर/ एम्बेसडर बताता था। लोगों को प्रभावित करने के लिए उसने कई डिप्लोमेटिक नम्बर प्लेट वाली गाड़ियों का भी बंदोबस्त कर रखा था, जो कि सभी फर्जी थीं। लोगों को अपने प्रभाव में लाने के लिए उसने कई तरह के हथकंडे अपनाए हुए थे। जैसे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य लोगों के साथ अपनी मॉर्फ़ की हुई फोटो लोगों को दिखाता था। इसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना तथा शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला रैकेट चलाना है । हर्षवर्धन के पूर्व में चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी (इंटरनेशनल आर्म्स डीलर) से भी संपर्क में होना ज्ञात हुआ है।



2011 में हर्षवर्धन से अवैध सैटेलाइट फ़ोन भी बरामद हुआ था। इसका शिकायत थाना कविनगर में दर्ज है। फिलहाल इस मामले की शिकायत थाना कविनगर गाजियाबाद में दर्ज हो गई है। जांच के आधार पर आगे का एक्शन लिया जाएगा।

## सुबह-सुबह डीकेएस और मेकाहारा अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर,23 जुलाई।** आज सुबह-सुबह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया. स्वास्थ्य मंत्री अचानक डीकेएस और मेकाहारा अस्पताल पहुंच गए. जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और परिजनों से मुलाकात कर सुविधाओं का जायजा लिया.

आज सुबह-सुबह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया. स्वास्थ्य मंत्री अचानक डीकेएस और मेकाहारा अस्पताल पहुंच गए. जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और परिजनों से मुलाकात कर सुविधाओं का जायजा लिया. वहीं मेकाहारा अस्पताल परिसर में 700 बेड का नया अस्पताल बनाने का ऐलान भी किया है. आज सुबह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डीकेएस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. जहां उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और मरीजों को मिलने वाले उपचार की ली जानकारी. अस्पताल में बंद एसी देखकर, तत्काल



चालू करवाने अस्पताल के अधिकारियों को निर्देश दिए. इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल मेकाहारा अस्पताल भी पहुंचे. यहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का दौरा किया. विस्तार न्यूज़ से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेकाहारा अस्पताल का वार्ड काफी पुराना हो गया है, सीलिंग खराब हो गई है, टाइल्स बहुत पुराने हैं. इसलिए मेकाहारा अस्पताल का 18 करोड़ की लागत से रिनोवेशन किया जाएगा. अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो इसीलिए हम निरीक्षण करने निकले हैं. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ऐलान किया कि मेकाहारा अस्पताल परिसर में 700 बेड का नया अस्पताल बनाया जाएगा. 232 करोड़ की लागत से अस्पताल बनाया जाएगा. स्वास्थ्य मंत्री बोले- 18 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रॉमा सेंटर भी अस्पताल में बनेगा, स्वीकृति मिल गई है. मेकाहारा अस्पताल का रिनोवेशन का काम भी होगा, 48 करोड रुपए स्वीकृत कर चुके हैं, जल्द ही टेंडर किया जाएगा. मेकाहारा में ओवरलोड मरीज है, इसकी वजह से परिसर में नया अस्पताल बनाया जाएगा.

## 46 साल बाद शिवरात्रि पर संभल के कार्तिकेय महादेव मंदिर में जलाभिषेक

लखनऊ,23 जुलाई। यूपी में संभल जिले के खग्गू सराय क्षेत्र में स्थित कार्तिकेय महादेव मंदिर में सावन की शिवरात्रि पर 46 साल बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। शिव भक्तों ने कतर में मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मंदिर में एसडीएम विकास चंद्र ने भी श्रद्धालु के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। प्रशासन ने मंदिर क्षेत्र और जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। दरअसल, दिसंबर में 46 साल बाद कार्तिकेय महादेव मंदिर के कपाट खोला गया था। इसके बाद से इस मंदिर में पूजा शुरू हुई। वहीं पूरे जिले में शिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों में गजब की श्रद्धा व उत्साह देखने को मिल रहा है। हरिद्वार व अन्य स्थलों से जल लेकर पहुंच रहे कांवड़िए मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी कांवड़ियों की



सुरक्षा और सुविधा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेडिकल टीमें भी मौजूद रहीं। इसके अलावा संवेदनशील स्थलों पर पीएसी, आरआरएफ, महिला पुलिस तैनात हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर गूंजते भक्ति गीतों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं, जहां ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। संभल शहर के प्रमुख चौराहों, मंदिरों और मार्गों पर नागरिकों ने स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जलपान वितरण की व्यवस्थाएं की हैं।

**गाजे-बाजे संग निकाली गई भगवान शिव बारात**-चन्दौसी श्री कांवड़ सेवा समिति के तत्वावधान में सावन के पवित्र माह के उपलक्ष्य में मंगलवार को भगवान शिव की बारात कावड़ियों के साथ धूमधाम से निकाली गई। चारों ओर हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय दिखाई दे रहा था। वहीं हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का एक जत्था अचानक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करने के लिए चौराहे पर बैठ गया। जिससे चौराहे पर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। जिससे लोगों को कुछ समय परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि माहौल को भक्तिमय देख लोग भी खामोशी से साइड होकर निकल

**सार बातें** जो चाहे वो करेंगे...रूस के लिए ईयू से जो भारत ने बोला, सुनकर NATO के भी उड़े होश

# भारत एनर्जी सिक्योरिटी के लिए जो जरूरी होगा करेगा

**नई दिल्ली,23 जुलाई।** रूस को लेकर पश्चिमी देशों में इस समय जबरदस्त उबाल मचा है। ये गुस्सा इतना है कि इसमें किसी भी हद तक जाकर रूस को प्रभावित करने की स्थिति आ गई है। फिर चाहे रूस के सहयोगियों को भी मुश्किल में डालना हो तो वे तैयार नजर आ रहे हैं। अमेरिका में भारत और चीन के खिलाफ 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की योजना बिल के जरिए बन रही है। यूरोपीय संघ में इस बात को लेकर पुरजोड़ चर्चा है। भारत की एक कंपनी पर ईयू ने तो बैन भी लगा दिया। इसके साथ साथ हमने ये देखा कि कैसे नाटो के चीफ 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी भारत को दे रहे हैं। वहीं कल अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम की तरफ से भी एक चेतावनी आई। इसमें उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सैन्य अभियान का समर्थन करने वाले तेल से संबंधित आयातों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं चीन, भारत और ब्राजील से यही कहूंगाः यदि आप इस युद्ध को जारी रखने के लिए सस्ता रूसी तेल खरीदते रहेंगे, तो हम आपको



तहस-नहस कर देंगे और आपकी अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देंगे। इन तमाम धमकियों के बावजूद भारत अपने स्टैंड पर बहुत स्पष्टता के साथ टिका हुआ है। भारत की जरूरत एनर्जी की आपूर्ति है। जरूरत के हिसाब से भारत इसे जरूर पूरा करेगा। भारत के विदेश सचिव ने इस बात को फिर दोहरा दिया। जब उनसे इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने बहुत स्पष्टता के साथ कहा कि भारत एनर्जी सिक्योरिटी को प्राथमिकता देता है और इसके लिए जो जरूरी होगा वो जरूर करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत अपने लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और यूरोपीय देशों को ऊर्जा संबंधी प्रतिबंधों जैसे मामलों में संतुलन बनाने एवं एक स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। मिसरी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब यूरोपीय संघ ने कुछ दिन पहले रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए नए दंडात्मक उपायों की घोषणा की थी जिसमें गुजरात में वाडिनार रिफाइनरी पर प्रतिबंध भी शामिल था। मिसरी ने प्रेस वार्ता में रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा घोषित नए प्रतिबंधों के पीछे सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लेख किया, लेकिन कहा कि शेष विश्व भी इसी तरह के मुद्दों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर दोहरे मानदंड नहीं अपनाना महत्वपूर्ण है।

## जगदीप धनखड़ के इस्तीफे का कारण देश को बताए सरकार : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली ,23 जुलाई ।** जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का बयान आया है। उन्होंने कहा कि सरकार को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने (जगदीप धनखड़) इस्तीफा क्यों दिया? कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, सरकार को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने (जगदीप धनखड़) इस्तीफा क्यों दिया? इसके पीछे क्या वजह है? हमें तो लगता है 'दाल में कुछ काला है। वरना, उनकी सेहत बहुत अच्छी है, वो खुद से भी ज्यादा आरएसएस और भाजपा का बचाव करते थे, इतना तो उनके लोग भी नहीं करते होंगे। उनकी निष्ठा आरएसएस और भाजपा के साथ थी। जिस तरह से उन्होंने इस्तीफा दिया है, इसके पीछे कौन है और उन कारणों को देश को बताना चाहिए।

## एक नजर

### चिटफंड कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार



**भिलाई,23 जुलाई।** भिलाई चिटफंड कंपनी टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दुर्घटना बीमा का झांसा देकर 57 निवेशकों से 13 लाख 97 हजार रुपए की ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत कार्रवाई की। कोर्ट में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है। इसकी चल अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है छावनी थाना प्रभारी डीएसपी नवी मोनिका पांडेय ने बताया कि आरोपी डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन ने निवेशकों को सिर्फ एक बार 3500 रुपए जमा कराने पर तीन साल में 35 लाख रुपए मिलने का सपना दिखाया था। लोगों को बीमा और अन्य लाभ का झांसा देकर निवेश कराया गया। वर्ष 2008 में आरोपी ने टुलिप ग्लोबल का संचालन जयपुर से शुरू किया था, जिसे बाद में राजस्थान सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था उक्त प्रकरण में आरोपी प्रकाश चंद जैन के साथ ही प्रभुदयाल, मनोज सोनी और सुरेश सोनी को पूर्व में गिरतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी प्रकाश चंद जैन भोपाल एसटीएफ केस में पहले से जेल में बंद था, जिसे दुर्ग न्यायालय के प्रोडक्शन वारंट पर पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया गया है

### घर में घुसकर मारपीट, बदमाश गिरफ्तार



**भिलाई,23 जुलाई।** भिलाई राजीव नगर जामुल में गाली गलौज करने से मना करने पर घर में घुसकर मारपीट कर दबंगई दिखाने वाले एक बदमाश को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सुनील प्रसाद निवासी राजीव नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोहल्ले का रहने वाला इन्द्रभान घर के पास गाली गलौज कर रहा था प्रार्थी ने मना करने पर जबरदस्ती घर में घुसकर मारपीट कर धमकी देने लगा प्रार्थी की रिपोर्ट पर विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी इन्द्रभान राजीव नगर में घूम रहा है उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया ।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन 28 जुलाई तक आमंत्रित

**दुर्ग, 23 जुलाई।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड क्रमांक-11 के आंगनबाड़ी केन्द्र मुरूम खदान और वार्ड क्रमांक 29 के आंगनबाड़ी केन्द्र वृन्दानगर-1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 28 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 01 (पता-जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई) में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर ) जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना से मिली जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी)। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए ।

# अवैध शिकार के तीन आरोपी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 23 जुलाई।** वनमंडल कवर्धा को एक नर चीतल के अवैध शिकार की सूचना प्राप्त हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमंडल अधिकारी सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई की गई।सूचना के आधार पर रायपुर डॉग स्क्वॉड की सहायता से आरोपियों के निवास स्थान पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम नेउर निवासी निम्न तीन आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गयारूचिंताराम पिता धीरजी, जाति , गोंडसरजू पिता जरहु, जाति ़ गोंडरोशन पिता मोहनए जाति द्द गोंडउक्त तीनों के विरुद्ध वन्यजीव ;संरक्षणद्ध अधिनियम 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21622.15 दर्ज किया गया है। आरोपियों को दिनांक 22 जुलाई 2025 को न्यायालय में रिमांड हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यवाही में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारी इस अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती पल्लवी गंगबेर पंडरिया पश्चिम एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार जोशी,पंडरिया पूर्व के नेतृत्व में विभाग की टीम ने सराहनीय कार्य किया। अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अन्य अधिकारीध-कर्मचारी, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल देवनाथ सिंग सिदार, तरुण वर्मा, अनामिका वर्मापरिक्षेत्र सहायकए नेउररू संतोष कुमार नेतामए सुनील सोनीए विलास कुमार कुंभकारए सुभाष चंद्र भारद्वाजए संतोष सिंह साकतए परिसर रक्षक, दिलीप कुमार चंद्राकरए तारकेश यादवए अजित कुमार पालए विष्णु सिंह धुर्वेए मनोज कुमार धुर्वे, रामसिंह दीक्षित, जयश्री कौशलए सीमा टाडियां, जितेन्द्र कुमार चंद्राकर, गौरीशंकर साहू, सुदर्शन साहूए अमरवीर मरकाम, रामसिंह साहूए उमेश्वरी श्याम, पुनाराम धुर्वेए सचिन राजपूतरायपुर डॉग स्क्वॉड एवं सुरक्षा श्रमिकों का भी सहयोग सराहनीय रहा।वन विभाग कवर्धा वन्यजीव संरक्षण हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है और इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रखेगा।

# पीएम जनमन योजना से बैगा परिवारों का सुंदर आवास का सपना हो रहा है साकार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,23 जुलाई।** आदिवासी अंचलों ओर दूरस्थ अंचलों में बैगा परिवार जो वर्षो से झोपडी में रहते थे लेकिन पीएम जन मन योजना के कारण बैगाओ का सुंदर मकान बनता हुआ दिख रहा है और कई परिवार अच्छे से सुंदर मकान में रहना शुरू कर दिया है । गुणवत्ता पूर्ण सुंदर मकान बने जिसके लिए जिला सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी भी आकस्मिक निरीक्षण करते है और समीक्षा भी करते है जिससे की जल्द से जल्द बैगा परिवारों का सुंदर मकान बने । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया की भाजपा सरकार में अच्छे से सुंदर आवास लोगों के बने जिस पर हमेशा फोकस रहता है और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गुणवत्ता पूर्ण आवास निर्माण जारी है और बैगा परिवारो के चेहरे में आवास की सौगात और निर्माण से खुशी व्याप्त है ।प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत 9623 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई एवं स्वीकृति के विरुद्ध 8706 हितग्राहियों को प्रथम किस्त, 6256 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त तथा 3806 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि जारी की गई है एवं 2233 आवास पूर्ण हुए । केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनांओ का लाभ अब सुदूर वनांचल, दुर्गम,पहाड़ी क्षेत्रों और समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य बसाहटों तक पहुँच रही है । पीएम जन मन योजना से सुंदर आवास बनने के कारण बैगा परिवार में खुशी की झलक दिख रही है ।

# चाकू दिखाकर लोगों को लूटने वालों को जामुल पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के चाकू की नोंक पर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस की मददगार साबित हुई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल व नगदी रकम जब्त किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम कोड़िया निवासी किशन निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह निरोज कंपनी हथखोज में हेल्फर का काम करता है अपने घर से बाइक से पिता बुधराम निर्मलकर को लेने निरोज फैक्ट्री के पास निकला शाम करीब 5.40 बजे खेरधा रेलवे लाइन के पास पहुंचा। उसी दौरान उसके पिता का कॉल आया। लेने आने को लेकर पूछने लगे। इसके बाद बाइक से सरकारी स्कूल के पास ग्राम सुरडुंग पहुंचा ही था। उस दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक अचानक उसके सामने आ गए गाड़ी रुकवाकर उसके पेट पर चाकू अड़ा दिया। उस दौरान एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद जबरदस्ती जेब में हाथ डालकर 2500 रुपए भी लूट लिए इस पर कंपनी पहुंचकर घटना के संबंध में पिता बुधराम निर्मलकर और कंपनी में काम करने वालों को जानकारी दी रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 309(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना के दौरान घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया एवं प्रार्थी के बताये हुलिया व मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही अरूण जोशी (18 साल ) निवासी ग्राम खेरधा थाना जामुल से पूछताछ किया गया जो अपने साथी रोशन देवांगन (22 साल ) निवासी ग्राम सुरडुंग थाना जामुल, आशीष कुमार जोशी (18 साल ) निवासी भाठापारा खेरधा एवं एक नाबालिक के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया आरोपियों से लूट के मोबाइल एवं नगदी रकम बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है ।

# पौधे लगाने से पूर्व उद्यानों की साफ-सफाई जारी

**भिलाई, 23 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ-सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा-भरा रखने गाजर घास, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई-छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट/नियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे हैं। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकूल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाइडरों में भी शोभायमान एवं फुलदार पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे शहर की



सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर की समाजसेवी संस्थाओं, समितियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध हैं। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं और अपने घरों, गली-मुहल्लों जहां भी रिक्त स्थल हैं, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते हैं।

# कांवड़ियों के जत्थे ने बाबा धाम के लिए किया प्रस्थान



**भिलाई, 23 जुलाई।** श्रावण मास के अवसर पर कांवर यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था कैंप-2 मंदिर से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। आज सुबह शहर के कांवरियों का जत्था बोल बम के जयकारों के साथ बाबा धाम जाने के लिए भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचा तो अनेक लोग स्वागत लिए आ गए और पूरा माहौल भक्ति भाव से सराबोर हो गया । इन श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जत्थे में शामिल अनेक श्रद्धालु भिलाई पावर हाउस से सुल्तानगंज के लिए साउथ बिहार एक्सप्रेस से भगवान शिव का जयघोष करते हुए यात्रा पर निकले। इस जत्थे में प्रमुख रूप से जी.पी. तिवारी, आसीत कुमार, नरसिंह राजभर, शंकर गजपाल, बीएल राजभर, रंजीत गुप्ता, धनंजय शाह, गोपाल, फत्ते साहू, संजय साहू, दीपक राजभर, रितेश, कुंभकरण, उदित कुमार, नायुश आदि शामिल रहे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह दिखा। श्रावण मास आते ही भक्तों पर भोले बाबा की भक्ति का खुमार चढ़ जाता है। मंदिर-शिवालयों में भक्तों द्वारा जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया रहा है। राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने बताया कि प्रतिवर्ष यह जत्था बाबा धाम के लिए निकलता है।

### कांवड़ यात्रा में अजनबियों से सावधान रहने की शिवसेना ने की अपील

**भिलाई, 23 जुलाई।** शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पवित्र सावन माह में दुर्ग जिले से हजारों श्रद्धालु श्रावणी पर्व के मेले में तीर्थस्थल बोल बम नगरी कांवर लेकर धाम के लिए जाते हैं। कांवड़ियों के जत्थे भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरते हैं या रात में यात्रा करते हैं इसलिए यात्रिओं को अपने सामान विशेष रूप से कीमती सामान जैसे नगदी रूपये, मोबाईल फोन का ध्यान रखना चाहिए। गुप्ता कांवड़ियों से अनुरोध किया है कि यात्रा करते समय विशेष रूप से भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अपने सामान पर कड़ी नजर रखें। यदि संभव हो तो रात में यात्रा करने से बचें क्योंकि कांवरियों के भेष में चोर रात में चोरी करने की अधिक संभावना रखते हैं। अपने सामान को सुरक्षित जगह पर रखें जैसे कि अपने होटल के कमरे में या अपने साथ ले जाएं। अजनबियों से सावधान रहें।

# कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच ने किया महारुद्राभिषेक



**भिलाई, 23 जुलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, मानव आश्रम में आयोजित श्रावण मास में हर्षोल्लास पूर्वक श्रद्धा भक्ति भाव से देवाधिदेव महादेव का महा रुद्राभिषेक पार्थिव शिवलिंग में जन सामान्य द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के मानव आश्रम परिसर में प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक किया जाता हैं। इसका लाभ समाज के सदस्यों सहित जन-सामान्य भी उठा रहे हैं। 21 जुलाई को संपन्न रुद्राभिषेक की बेला में समाज के अध्यक्ष पंडित यू के दीक्षित, महासचिव रविन्द्र मिश्रा के साथ ही साथ संतोष दीक्षित, राकेश शुक्ला, आशीष मिश्रा, विजय तिवारी, आलोक शुक्ला, राजेश मिश्रा, राकेश कुमार शुक्ला, श्रीमती सुशीला दीक्षित, श्रीमती दीपशिखा, श्रीमती ममता अवस्थी, श्रीमती रमा अग्निहोत्री, श्रीमती रानी शुक्ला, श्रीमती संगीता तिवारी, श्रीमती अपर्णा शुक्ला, श्रीमती सपना मिश्रा, कुमारी वेदिका अग्निहोत्री के साथ भिलाई दुर्ग के विभिन्न क्षेत्रों से आकर भक्त गणों ने पूजा अर्चना कर महादेव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और विधि विधान पूर्वक महारुद्राभिषेक पंडित प्रहलाद तिवारी ने करवाया।

### मेयर ने दिए शहर के न्यू आदर्श नगर की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**दुर्ग, 23 जुलाई।** नगर निगम शहर क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैद्य इसी क्रम मे नगर निगम क्षेत्र में मंगलवार को निगम मेयर अलका बाघमार द्वारा औचक पहुंचकर न्यू आदर्श नगर क्षेत्र सहित अटल आवास बस्ती क्षेत्र मे की जा रही सफाई कार्य का निरीक्षण किया गयाद्यइस दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयो द्वारा किये जाने वाले कार्य जिसमें झाड़ू लगाकार बिखरे कचरे को समेटने के साथ साथ आवासीय एवं व्यावसायिक इलाको मे निस्तारी हेतु बनाई गई नालियो की सफ़ाई समेत सफ़ाई कार्य के विषय मे मेयर श्रीमती बाघमार को निगम टीम द्वारा अवगत कराया गया!इस दौरान एमआईसी देवनारायण चंद्राकर,शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद सविता साहू, उपभियंता विनोद मंझी, विकास दमाहे सहित टीम अमला मौजूद रहे,मेयर ने कहा की नालियों की सफाई के साथ साथ सड़क किनारे गाजर घासो की कटाई करने के निर्देश दिए,निरीक्षण के दौरान देखा गया की न्यू आदर्श नगर मे नाली के ऊपर सड़क तक लोहे की सीढ़ी व प्लॉप को हटवाने के नोटिस सभी को जारी करने के निर्देश वार्ड इंजीनियर विकास दमाहे को दिए!उन्होंने अटल आवास में स्थित शौचालय जाने वाले सड़क पर पड़े कचरे के ढेर को यथाशीघ्र हटाया जाए।और सुलभ शौचालय की प्रतिदिन साफ सफाई करने के निर्देश दिए।यहाँ बता दे की निगम मेयर श्रीमति अलका बाघमार द्वारा वार्ड क्रमांक 53 न्यू आदर्श नगर व

# राखी पर्व के लिए विशेष लिफाफों के साथ ही पीली डाकपेटियों से शीघ्र प्रेषण की सुविधा भी

**भिलाई, 23 जुलाई।** भाई-बहनों के स्नेह और प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर डाक विभाग ने राखी भेजने के लिए इस वर्ष भी खास व्यवस्था की है। डाकघरों में राखी को सुरक्षित एवं समय से भेजने के लिए विशेष आकर्षक लिफाफे बिक्री के लिए आ गए हैं। इन्हें शीघ्रता से प्रेषण के लिए अलग से पीली डाक पेटियों की भी व्यवस्था की गयी है। ये पीली पेटियां डाक विभाग की सामान्य लाल पेटियों से अलग हैं, जिनमें राखी के ही लिफाफे छोड़े जा सकते हैं। उप डाकघर जवाहर मार्केट के उप डाकपाल आर एल वर्मा ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि इन पीली पेटियों से प्रतिदिन समयानुसार लिफाफे निकाले जा रहे हैं एवं इन्हें प्राथमिकता देते हुए



नियत स्थान पर प्रेषण की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि राखी के लिफाफों की मांग को देखते हुए इन्हें मंगा लिया गया है और बिक्री जारी है। ये लिफाफे देखने में आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण हैं। इनकी मज़बूती, फटने से बचाने, जलरोधी, हल्के वजन का खास ख्याल रखा गया है। लिफाफों की बनावट अनोखी है और ये पूरी तरह से वाटरप्रूफ और टियरप्रूफ हैं। 11 अगस्त 2022 को मनाया जा रहा है । इन राखी लिफाफों की कीमत मात्र 15 रुपये प्रति लिफाफा है। डाकघरों में स्पीड-पोस्ट बुकिंग की सुविधा भी सुलभ कराई गई है। रक्षाबंधन का त्यौहार इस वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा, 9 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

# फसल बीमा के लिए ग्रामवार लगाएं शिविर: कलेक्टर

**मोहला 23 जुलाई ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को ग्रामवार फसल बीमा हेतु शिविर लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि अधिक से अधिक कृषकों को बीमा से लाभान्वित करने के लिए कार्ययोजना के साथ कैलेंडर तैयार करें, ताकि ग्रामवार लगने वाले शिविर की जानकारी मुनादी के माध्यम से कृषकों को मिल सकें एवं कृषक फसल बीमा से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सीएससी सेंटर के माध्यम से किए गए फसल बीमा में आ रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग को निर्देशित किया कि सीएससी सेंटर फसल बीमा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि कृषकों को भविष्य में परेशानियों का सामना न करना पड़ें।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने राज्य के 25 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि माइक्रो प्लान बनाकर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करें।

# रेलवे बस्ती में गंदगी से बढ़ रहीं संक्रामक बीमारियां

**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती के लोग कई दिनो से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा इन समस्याओं का निवारण नहीं किए जाने से बस्तीवासी नारकीय जीवन जीने मजबूर हैं। बस्तीवासियों ने बताया कि यहां न तो पीने के लिए साफ पानी की उपलब्धता है ना ही बारिश के पानी की निकास के लिए कोई व्यवस्था है। इससे झुग्गियों में रहते हुए खुद को सुरक्षित रखना बेहद मुश्किल है। यहां आए दिन ये लोग बीमार पड़ रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक का स्वास्थ्य हमेशा खराब रहता है।यहां छत्तीसगढ़ शासन की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मेडिकल वैन भी नहीं आती है, इससे बस्तीवासी इलाज नहीं करवा पाते हैं। बस्ती में वर्षों से बोरिंग खराब पड़ी है। इससे लोगों को साफ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यहां की नालियां गंदगी से पटी हुई है। निगम का अमला यहां सफाई के लिए नहीं पहुंचता है, इससे गंदगी



चारों तरफ पसरी हुई है। इससे संक्रामक बीमारियां फैल रही है। बस्तीवासियों का कहना है कि यहां के जनप्रतिनिधि को इन समस्याओं के बारे में कई बार बताया गया और जोन कार्यालय में भी लिख कर दिया गया है। इसके बावजूद कहीं कोई सुनवाई नहीं है। बस्ती में आंगनबाड़ी नहीं होने से यहां के बच्चों को पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। यहां ज्यादातर बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। बस्तीवासियों का कहना है कि नालियों की सफाई न होने से बारिश का पूरा गंदा पानी घरो में भर रहा है और इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। बस्तीवासियों का आरोप है कि वार्ड-67 के पार्षद उमेश साहू को सारी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। बस्तीवासियों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर तय काम भी रोक दिए गए हैं। बस्तीवासियों के मुताबिक बगल के वार्ड में 60-70 मजदूर काम करते दिखते हैं लेकिन हमारे वार्ड के लिए मजदूरों की कमी का बहाना बना दिया जाता है।

# सेट्रींग प्लेट उपलब्ध कराकर खेमीन दीदी महिलाओं के लिए बनी प्रेरणास्त्रोत

दुर्ग, 23 जुलाई। गांव में मजदूरी कर गुज़ारा करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाएं आज अपने व्यवसाय से लखपति बन चुकी हैं और क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत रिसामा में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत संचालित कल्याणी स्व सहायता समूह की सदस्य और सचिव खेमीन निर्मलकर बिहान योजना में सक्रिय महिला के तौर पर भी कार्य कर रही है, और स्व सहायता समहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक मिशाल के तौर पर उभरी है। खेमीन निर्मलकर बताती है कि ग्राम में मजदूरी का कार्य करती थी और उनके पति मिस्त्री के रूप में कार्य करते थे, जिससे उन्हें 8,000 रूपये मासिक आमदानी प्राप्त होती थी। श्रीमती खेमीन ने समूह के माध्यम से ऋण लेकर नया व्यवसाय करने और अपनी आमदानी को बढ़ाने की योजना बनाई। समूह के माध्यम से उन्होंने 2.5 लाख रुपये का बैंक लोन और एक लाख रुपये अपनी पूंजी लगाकर 2000 वर्गफुट सेट्रींग प्लेट का निर्माण कार्य शुरू किया।काम की गुणवत्ता और समय पर सेवा देने के चलते खेमीन दीदी की मांग बढ़ती गई। उन्होंने इसी वित्तीय वर्ष (2024-25) में अपने लाभ से 1000 वर्गफुट अतिरिक्त सेट्रींग प्लेट खरीदी और अब कुल 3000 वर्गफुट प्लेट्स उपलब्ध हैं। ये प्लेट्स अब तक 100-150 प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों और 100 से अधिक निजी निर्माण कार्यों में लगाई जा चुकी हैं।हर 1000 वर्गफुट प्लेट से उन्हें 12 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी होती है। इस हिसाब से 3000 वर्गफुट प्लेट से 36 हजार रुपये प्रतिमाह और 10 महीनों की कार्य अवधि में कुल 3 लाख 60 हजार रुपये वार्षिक आमदनी हो रही है। जैसे अनेक गांवों में भी प्रधानमंत्री आवास और निजी निर्माण कार्यों के लिए सेट्रींग प्लेट उपलब्ध करा रही हैं।



# मौसमी बीमारियों एवं सर्पदंश पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**मोहला 23 जुलाई ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी जुलाई-अगस्त माह के दौरान संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं त्वरित इलाज हेतु समुचित तैयारी सुनिश्चित की गई हैं। वर्षा ऋतु के दौरान डायरिया, मलेरिया एवं पीलिया जैसी बीमारियों के साथ ही सांप काटने के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जाती है। वही कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान का खतरा बना रहता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए गत दिवस कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, समय पर ओपीडी संचालन, वर्षा बाधित ग्रामों की सूची तैयार करने एवं रैपिड रिस्पांस टीम गठित करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। जल जनित बीमारियों से बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए केवल उबालकर पानी पिए। वही मच्छरों से बचाव हेतु फुल आस्तीन के कपड़े एवं फुल पैंट पहनें, रात में मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें ।

### युवाओं में गुटखा खाने और शराब पीने की बढ़ती आदत चिंतनीय विषय

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में सुबह से ही युवा गुटखा खाते हुए गांवों और शहरों में दिखते है । डाक्टरों की भी राय है की गुटखा ज्यादा खाने से मुख और गले का केंसर होता है ज्यादा शराब पीने की आदत भी बढ़ रही है ओर शराब पीने के कारण बहुत सारी बीमारियां होने के आसार होते है । लेकिन नशा करने की आदत छुटे और युवा नशे से दूर हो इस विषय पर नशा मुक्त जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है लेकिन नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम की कमी दिख रही है । सभी जनप्रतिनिधियों को नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम करना चाहिए। समाज कल्याण विभाग नशा मुक्त अभियान का संदेश देती है लेकिन अब समय आ गया है समाजसेवी , जनप्रतिनिधियों ओर अधिकारी कर्मचारी को भी नशा मुख्य अभियान का प्रसार करने की आवश्यकता है जिससे की युवा नशे से दूर हो ओर बेहतर समाज का निर्माण हो ।

एक नजर

## नगदी-मोबाइल लूटने वाले 3 गिरफ्त में



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 जुलाई।** दिनांक 20.07.2025 को प्रार्थी शशि कुमार साहू निवासी ग्राम सेमरिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 19.07.2025 को रात करीब 09:00 बजे वह अपनी बेकरी दुकान को बंद करके अपने ग्राम सेमरिया अपनी मोटरसाइकिल के माध्यम से वापस जा रहा था, कि इसी बीच रास्ते में तीन अज्ञात आरोपियों द्वारा सफेद रंग की मोटरसाइकिल में पीछा करते हुए उसके पास आकर, मोटरसाइकिल के आगे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा कर दिया तथा प्रार्थी को गाली गलौज कर मारपीट करते हुए प्रार्थी के जेब में रखे नगदी रकम 20,000 तथा मोबाइल फोन को लूट कर भाग गए। मारपीट करने से प्रार्थी के बाईं आंख के पास, सिर आदि में चोट आया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 500/2025 धारा 309(6),111 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी बीच पुलिस टीम द्वारा आरोपी सुमन धीवर एवं 02 अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए उसका 20,000 नगदी रकम एवं मोबाइल को लूटकर मोटरसाइकिल के माध्यम से फरार हो जाना स्वीकार किया गया। कि आरोपियों से लूटा गया मोबाइल, नगदी ?4000 एवं घटना में प्रयुक्त प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त किया गया है।

## नवीन पीडीएस दुकान संचालन के लिए 30 तक आवेदन

**बलौदाबाजार,22 जुलाई।** बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा ग्राम पंचायत ढनढनी, डमरू, लटुवा, अर्जुनी एवं कोहरौद में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान हेतु लैम्प्स, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति,वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से 30 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा कक्ष क्रमांक 80 में कार्यालय समय पर जमा कर सकते है।

## यूथ एवं इको क्लब ने छछान पाहरी में पौधे लगाए



**अंबागढ़ चौकी, 23 जुलाई।** हायर सेकेंडरी स्कूल छछानपाहरी के यूथ एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने किया वृक्षारोपण। छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर एवं खेल मैदान के चारों ओर 50 छायादार सजावटी एवं फलदार पौधे लगाए। इको क्लब प्रभारी आलोक मिलिंद के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। संस्था द्वारा किए गए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. के. धीवर एवं विकास खण्ड स्तोत्र समन्वयक संतोष पाण्डे ने भी एक पेड़ माँ के नाम लगाकर प्रत्येक छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य अंजली अग्रवाल, व्याख्याता भारती मिलिंद, हेमेन्द्र ठाकुर, जागेश्वर गंभीर, दुलार सिंह साहू एवं सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मोहड़ रेत मामले को लेकर कांग्रेस का घेराव 24 को

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीडंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते हुए गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना हुए लगभग एक से डेढ़ माह बीत चुकी है किन्तु अब तक मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 24 जुलाई बसंतपुर थाने का घेराव किया जा रहा है। इस संबंध में अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जब तक मुख्य सरगना की गिरफ्तारी नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा। कांग्रेस सदैव जनहित की लड़ाई लड़ी है इस घटना के बाद से आज दिनांक तक कांग्रेस लगातार रेत माफियाओं पर कार्यवाही की मांग कर रहा है। जबकि इसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पुलिस प्रशासन को 08 दिन में अपराधियों कार्यवाही करने का अल्टीमेंटम दिया था नही तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी, उसके बावजूद भी कार्यवाही शून्य है।

## आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध महुआ शराब

**बलौदाबाजार, 23 जुलाई ।** आबकारी आयुक्त श्री श्याम धावड़े के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 25 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।

# कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद ले जाते ट्रक पकड़ा

### 36 घंटे बीत जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी, 23 जुलाई।** बारिश होने के साथ खरीफ की खेतों में लहलहाती फसलों को ओर पुष्ट करने के लिए किसानों को यूरिया की एकाएक बढ़ी मांग से इसकी किल्लत होने लगी है।किसानों को इन दिनों खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, इसका फायदा उठाते व्यापारीयों के द्वारा यूरिया की कालाबाजारी जोर पकड़ रही है।

किसानों का कहना है कि इन दिनों यूरिया खाद के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। आरोप है कि खाद विक्रेताओं की ओर से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूल कर कालाबाजारी की जा रही हैं। इससे उनकी जेब पर अतिरिक्त भार बढ़ रहा है। कस्बे की कई दुकानों पर अधिकृत विक्रेता किसानों को खाद नहीं होना बताते हैं, वहीं चोरी-छिपे निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेकर खाद बेचा जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारी ने खाद से भरा एक ट्रक पकड़ा है। रतावा बेरियर के पास यह ट्रक पकड़ाया है। बताया जा रहा है कि ट्रक में बिना वैध दस्तावेजों के भारी मात्रा में खाद लोड कर परिवहन किया जा रहा था गया था। संभावना जताई जा रही है कि यह खाद से भरा ट्रक नगरी से बोराई मार्ग होते हुए उड़ीसा राज्य भेजा जा रहा था, जिसमें कुल 600 बेग में डीएपी, यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट खाद होने की जानकारी मिल रही है।

हालांकि ट्रक पकड़े जाने के 36 घंटे बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। कृषि विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। किसानों का कहना है कि जब उन्हें खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, तब ऐसे ट्रक बिना कार्रवाई के छोड़ दिए जाएंगे तो कालाबाजारी पर कैसे रोक लगेगी।

वहीं इस मामले में नगरी के एक बड़े व्यापारी का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है। अब इस मामले का बारीकी से जांच धमतरी कलेक्टर के निर्देशन मे होगा।

# कृषकों को अरहर बीज मिनी किट का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जुलाई।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्गदर्शन में भाटापारा विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाले चयनित ग्राम गुड़ेलिया, कोदवा, खपरी धौराभाठा, चिचपोल एवं निपनिया के कृषकों को राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत अरहर बीज मिनीकिट एवं जिला खनिज न्यास निधि अन्तर्गत 64 कृषकों को बैटरी स्प्रेयर वितरण किया गया। कृषकों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाओं की विस्तृत जानकारी सहित वर्तमान खरीफ सीजन में डी.ए.पी. के स्थान पर एस.एस.पी. अथवा एन.पी.के. उर्वरक के उपयोग हेतु विभिन्न फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रासायनिक उर्वरक की उपयोग में कमी हेतु नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. के छिड़काव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई जिसे ड्रोन के माध्यम से कम समय एवं कम खर्च छिड़काव किया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अमर मण्डवी, सभापति कृषि स्थायी समिति संतोष साहू, गुडेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

## 2 तस्करों से 215 किलो गांजा जब्त

**राजनांदगांव, 23 जुलाई।** थाना सोमनी के सामने नाकाबंदी प्वाईंट लगाकर मुखबिर के बताये टाटा ट्रक का आने का इंतजार किया जो दुर्ग की ओर से आते दिखा जिसे रोककर चालक परिचालक को हिरासत में लेकर गवाहनो एवं वाहन चालक व परिचालक की उपस्थिति में वाहन की तलाशी पर वाहन मे स्पंज आयरन भरा हुआ था, जिसके पीछे डाला के पीछे में 08 प्लास्टिक बोरियो में पीवीसी टेप से लिपटा बंडल भरा गांजा मादक पदार्थ मिला जिसे गवाहनो के समक्ष तौल कराने पर बोरियो सहित 215 किग्रा. गांजा कीमती करीबन 21,50,000/रूपये होना पाया गया, आरोपी चालक व परिचालक (1.) भरत कुमार सिंह पिता रमाधार सिंह उम्र 32 साल साकिन ताजपुर थाना माझी जिला छपरा बिहार, (2.) पुरन लाल लड़िया उर्फराजू पिता कुंजी लाल उम्र 28 साल साकिन ग्राम कुम्रोड़ा (रिचई) थाना सुआताला जिला नसिंगपुर (म.प्र.) हाल झांकड़पारा धनकौड़ा थाना सदर धानुपाली जिला संबलपुर उड़िसा से पुछताछ करने पर बताया कि संबलपुर ढाबा में खाना खाने के बाद हम दोनो गाड़ी के पास आये तो एक व्यक्ति हम लोगे से बोले कि पार्सल ले जाओगे एक बोरे का 5000 रू. देगें तब हम लोग पार्सल ले जाने के लिए राजी हो गये।

## विभागीय योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ अधिकारी एवं मैदानी अमलों को अपडेट रहने तथा योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि विभागों में बहुत सी योजनाएं संचालित रहती है लेकिन उसकी पुरी जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को उस योजना का फायदा नहीं मिल पाता। यदि कोई योजना अन्य जिले में संचालित हो रही हो तो उसकी जानकारी लेकर अपने जिले में भी प्रारम्भ कराएं। जानकारी के आभव में कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न हो। उन्होंने बारिश के मौसम में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उद्यान एवं वन विभाग के अधिकारियो को आगामी कुछ दिनों में वन महोत्सव अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला स्तरीय स्थानांतरण अंतर्गत स्थानांतरित कर्मचारियों की रिपोर्ट लेने तथा नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले अधिकारी - कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के युवाओं को रोजगार दिलाने आगामी अगस्त व सितम्बर माह में रोजगार मेले का आयोजन करने रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया।

# बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित कृषकों-नागरिकों ने मांगा मुआवजा

■ नपं अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन



**अंबागढ़ चौकी, 23 जुलाई।** शिवनाथ नदी में आई बाढ से प्रभावित नगर के कृषकों एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिको को मुआवजा देने की मांग को लेकर आज आपदा पीडित नागरिको ने मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में एक दिवसयि धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इस बात से बेहद नाराज थे कि उन्हे पिछले वर्ष का भी मुआवजा नही मिला है और इधर इस वर्ष उन्हे दुसरी बार प्राकृतिक आपदा से हजारो रूप्ए की आर्थिक क्षति का सामना करना पड रहा है। एक पखवाडे पूर्व शिवनाथ नदी में आई बाढ से नदी किनारे खेती बाडी एवं सब्जी भाजी उगाने वाले सैकडो किसानो का आर्थिक क्षति का सामना करना पडा था। बाढ में वार्ड 12, 13, 14 में असंख्य नागरिको के मकानो में कमर तक पानी भर गया था। ऐसे प्रभावित लोगो को प्रशासन ने मकान खाली करा कर अस्थाई रूप से नगर पंचायत के मंगल भवन एवं टाउन हाल में ठहराया था। आपदा से प्रभावित हुए इन नागरिको ने आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुआवजा की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बाढ प्रभावित एवं अतिवृष्टि से प्रभावित हुए नागरिको को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। राजस्व कार्यालय के सामने मुआवजे की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में नागरिको ने शासन प्रशासन से पखवाडे भर के अंदर मुआवजा देने की मांग रखी। अन्यथा आगे उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन में पार्षद विनोद डेहरिया, पार्षद उमा शंकर निषाद, पिन्टू तिवारी, बाबू दूबे, शिवम बाजपेयी, रिनी पारेटी, पूर्व पार्षद उर्मिला पटेल, शंकर निशाद, प्रमोद ठलाल, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, पन्ना कुंजाम, भानबाई पटेल, मयाराम कौशिक, अतीक कुरैशी, ओंकार बारसागढे सहित बडी संख्या में बाढ पीडित एवं अति वृष्टि प्रभावित नागरिकजन उपस्थित थे।

## त्योहार के पूर्व में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने चलाया जांच अभियान



**बलौदाबाजार, 23 जुलाई।** आगामी दिनों में रक्षाबंधन सहित कई त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को सिमगा एवं भाटापारा के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल का निरीक्षण किया गया। सिमगा स्थित बालाजी जोधपुर स्वीट्स से खोवा कतली एवं श्री कृष्णा डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया। जांच के दौरान भाटापारा के ट्रांसपोर्ट ऑफिस एवं गैराज का भी निरीक्षण कर रिकॉर्ड खंगाला गया कि कोई अमानक या नियम विरुद्ध खाद्य पदार्थों का परिवहन तो नहीं हो रहा। जांच टीम के द्वारा बिना पक्का बिल व रसीद के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों का ट्रांसपोर्ट नहीं करने की हिदायत दी गई।

# पाइप लाइन मरम्मत के कारण प्रभावित हुई पेयजल सप्लाई

■ महापौर ने निरीक्षण कर पंप दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** जल संयंत्रगृह मोहरा में क्रमशः 10,17 एवं 27 एमएलडी प्लांट के माध्यम से जल शोधनकर उच्च स्तरीय जलागार भरकर शहर में पानी सप्लाई किया जाता है, वर्तमान में अमृत मिशन योजनांतर्गत तेजेस एवं एसएमसी कम्पनी द्वारा नियमानुसार प्लांट का संचालन संधारण किया जा रहा है। 22 जुलाई को दोपहर को रॉ वाटर पाईप लाईन मरम्मत के कारण टंकी नही भर पाने पर शाम की पेयजल सप्लाई नही हो पाई।

शाम को पेयजल सप्लाई बाधित की जानकारी होते ही महापौर श्री मधुसूदन यादव शाम को जल संयंत्रगृह मोहारा पहुँचकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर पंप दुरूस्त रखने तथा एलम सहित अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए। उन्होने तेजस कंपनी के इंचार्ज श्री नितिन पाटिल से कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए एलम का एक माह का स्टाक रखे और समय समय पर समाग्री की उपलब्धता के आधार पर सभी समाग्री की पर्याप्त भण्डारण रखे। उन्होंने अधिकारियो को हिदायत देते हुए कहा कि पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। रॉ वाटर पाईप लाईन खराबी एवं सट डाउन पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जल विभाग के अधिकारियो को तत्काल मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देशित किया गया। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि इंटकवेल का पाईप फूटने के कारण फिल्टर प्लांट बंद किया गया। साथ ही 27 एमएलडी प्लांट के पेनल में एमसीबी फिट किया गया, जिसके तहत प्लांट में सट डाउन किया गया, जिस कारण से आज 22 जुलाई शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई, मरम्मत उपरांत सुबह दिनांक 23 जुलाई को नियमित पानी सप्लाई की जावेगी।

### बीईओ से मिला ब्लॉक शिक्षक संगठन

## वरिष्ठता सूची में सुधार सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छुरिया, 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ, पंजीयन क्रमांक 122202595034 स्थानीय ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष अमरदास बंजारे के नेतृत्व में विकासखंड के शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची में सुधार, परामर्शदात्री शिक्षा समिति के बैठक का आयोजन करने सहित विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। संगठन के ब्लॉक संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू तथा प्रदेश सचिव राजेंद्र लाडेकर ने बताया कि वर्तमान में जिले एवं विकासखंड के सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसमें बहुत सारी त्रुटियां एवं खामियां पाई गई है। जिन शिक्षकों के ज्वाइनिंग एवं नियुक्तियां बाद में हुई है उन्हें वरिष्ठता सूची में ऊपर क्रम में रख दिया गया है। जबकि जो शिक्षक सीनियर हैं एवं जिनकी नियुक्ति विभाग में पहले हुई है उन्हें निचले क्रम में रखा गया है। संबंधित विषय की जानकारी जब शिक्षक संघ को हुआ तो संगठन के पदाधिकारी ने इस संबंध में स्थानीय विकासखंड शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर संबंधित त्रुटियों को सुधार करने की मांग की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर ने संबंधित त्रुटियां ठीक करने एवं इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए वरिष्ठता सूची में सुधार करने की बात कही। वरिष्ठता सूची के मामले में जागरूक शिक्षक संघ की जिला एवं प्रदेश इकाई द्वारा शीघ्र ही जिला शिक्षा कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर त्रुटि सुधार की मांग की जाएगी। आज के प्रतिनिधि मंडल मे स्थानीय ब्लाक अध्यक्ष अमरदास बंजारे, ब्लाक संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, प्रदेश सचिव राजेंद्र लाडेकर, प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू, वरिष्ठ शिक्षक साथी जयनारायण सर्वा, लोकेश साहू, केदारनाथ जोगी, भूपेंद्र मंडलोई, मोहित राम साहू, गजेंद्र देवांगन, झनक राम ठाकुर एवं कौशल भुवार्य सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित थे।

## अवैध महुआ शराब बेचते एक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 जुलाई।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी सोनाखान की पुलिस टीम द्वारा ग्राम चनहाट एवं अचानकपुर पुल के पास में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर अवैध महुआ शराब एवं अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल प्लेटिना जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सोनाखान में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- परदेशी राम बरिहा उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम अचानकपुर थाना राजादेवरी।



# जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया नगरी अस्पताल का निरीक्षण

### साफ-सफाई एवं व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी, 23 जुलाई।** जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के द्वारा 22 जुलाई को नगरी शिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान, उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी मिली उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सफाई व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से मैनपॉवर उपकरण और आवश्यक सामग्री की कमी की रिपोर्ट मांगी। निरीक्षण के पश्चात, श्री सार्वा ने अस्पताल में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य होगी। और इस प्रकार के आकस्मिक निरीक्षण नियमित रूप किए जाएगें। इसके अलावा ओपीडी में भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना एवं वार्डो की नियमित रूप से साफ-सफाई करने एवं मरीजों के लिए शुद्ध और अच्छे भोजन व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू,रवि दुबे, मोहन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, बलजीत छाबड़ा,कमल डागा, पार्षद चेलेश्वरी साहू,अनिरुद्ध साहू रवि भट्ट हनी कश्यप अंबिका ध्रुव, उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ठगी के 2 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 जुलाई।** राकेश कुमार सागर निवासी ग्राम महकम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 21.11.2024 के दोपहर 02:00 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक नए मोबाइल नंबर से फोन आया तथा उस मोबाइल नंबर धारक द्वारा प्रार्थी से बोला कि अमेजॉन से आपको रिवॉर्ड मिला है, जिसे प्राप्त करने हेतु ओटीपी नंबर बताइए, तब प्रार्थी द्वारा आरोपी मोबाइल धारक को अपना ओटीपी नंबर बताया गया तथा फोन-पे पर जाकर क्लिक करने के लिए बोला गया, तब जैसे ही प्रार्थी ने क्लिक किया वैसे ही प्रार्थी के फोन-पे से 2000 कट गया। फिर आरोपी मोबाइल धारक द्वारा दोबारा क्लिक करने के लिए बोला गया। इस दौरान प्रार्थी द्वारा फिर दोबारा क्लिक करने पर 2000 पुनः कट गया। इस प्रकार उक्त आरोपी मोबाइल नंबर धारक द्वारा ओटीपी नंबर बताने एवं क्लिक करने हेतु कहकर प्रार्थी से 4000 की ठगी किया गया है। राधेश्याम जांगड़े निवासी ग्राम सरवानी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका स्वयं का पोस्ट ऑफिस कटगी में खाता है, जिसको ऑनलाइन उपयोग करने के लिए अपने भाई दीनानाथ जांगड़े के मोबाइल पर प्ले स्टोर से आईपीपीबी मोबाइल बैंकिंग एप डाउनलोड किया गया। डाउनलोड करने के पश्चात उसी समय आरोपी मोबाइल नंबर धारक द्वारा उसके भाई के मोबाइल पर फोन आया और स्वयं को पोस्ट ऑफिस बैंक से बोलना बताकर ऐप डाउनलोड करने के पश्चात उसे कैसे खोलना है बताया जा रहा है, बोला गया। तब प्रार्थी उसके झांसे में आकर उसके बताए अनुसार करते गया। एप में दिए गए लिंक को टच करने के लिए बोला गया तो प्रार्थी ने टच करके उसे रजिस्टर किया। तत्पश्चात दिनांक 25.12.2024 को प्रार्थी के पोस्ट ऑफिस बैंक खाता से 07 बार में कुल 5107 कट गया। इस प्रकार प्रार्थी के साथ आरोपी मोबाइल नंबर धारक द्वारा आनलाइन ठगी किया गया।

कसडोल पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही करते हुए साइबर सेल बलौदाबाजार की सहायता से आरोपी नाजीर अंसारी एवं राजेश दास को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जिला देवघर झारखंड से हिरासत में लिया गया। आरोपी नाजीर से पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रार्थी से अमेजॉन से रिवॉर्ड मिलने का लालच देकर ओटीपी बताने हेतु कह कर 4000 की ठगी करना स्वीकार किया गया।

## संपादकीय

### यह भेदभाव सबको दिखता है

कोई घर का मुखिया है, समाज का मुखिया है, पार्टी का मुखिया है तो सब उससे समानता के व्यवहार की उम्मीद करते है। वह मुखिया है तो सभी के लिए है। उसके लिए घर हो,समाज हो या पार्टी हो सब समान होते हैं। ऐसे में यदि वह कभी भी किसी के साथ अलग व्यवहार करता है और किसी के साथ अलग व्यवहार करता है तो यह तो सबको दिखाई देता है। भेदभाव को कितना भी छिपाने का प्रयास किया जाए वह छिपता नहीं है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी जब सीएम थे तो राज्य के मुखिया होने के साथ ही पार्टी के भी मुखिया थे। वह सभी के नेता थे। ऐसे में सत्ता रहे या न रहे पार्टी के सभी लोग उनसे समानता के व्यवहार की उम्मीद करते हैं। उन्होंने ऐसा व्यवहार करने की कोशिश कई मौकों पर की भी है। जब देवेंद्र यादव बलौदाबाजार में मामले में जेल में थे तो भूपेश बघेल खुद उनसे मिलने गए, कवासी लखमा से भी वह जेल में मिलने कई बार गए हैं। दोनों तो यह एहसास दिलाने में सफल रहे थे कि मुखिया होने के नाते मैं तुम्हारे साथ हूं, पूरी पार्टी तुम लोगों के साथ है।जब उनके पुत्र की शराब घोटाले मामले में गिरफ्तारी हुई है तो भूपेश बघेल को ऐसे वक्त में भी पार्टी के मुखिया के तौर पर पार्टी के सामने आना था। भूपेश बघेल पहली बार पुत्र मोह में व्यथित दिखे और एक पिता के रूप में उनका व्यथित होना स्वाभाविक है लेकिन ऐसा वक्त ही मुखिया के लिए परीक्षा का वक्त होता है। भूपेश बघेल पिता के रूप में तो परीक्षा में पास रहे लेकिन पार्टी के मुखिया के रूप में वह फेल हो गए और उन पर सहज यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने अपने पुत्र के लिए प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी जैसा आयोजन किया जबकि कांग्रेस के अन्य नेताओं की जब गिरफ्तारी हुई थी और उनको जेल भेजा गया था तब कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था लेकिन इतना बड़ा आयोजन नहीं किया था। यह भेदभाव आज सबको दिख रहा है, भूपेश बघेल यही वजह है कि यह कहने को मजबूर हो गए कि यह आयोजन तमनार में पेड़ कटाई के विरोध में, अडानी के विरोध में किया गया है। भूपेश बघेल के कहने के बाद भी सच क्या है पार्टी के लोग व राज्य की जनता बखूबी जानती है। सच हमेशा सच रहता है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपका उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है, लेकिन आपने यदि पार्टनरशिप की थी, तो उसमें आपको धोखा मिल सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें बिना एक्सपर्ट की राय के बिना आगे ना बढ़ें, नहीं तो आपको धोखा मिल सकता है। पारिवारिक जिम्मेदारियों पर आप खरे उतरेंगे। आपकी दी गई सलाह पर परिवार के सदस्य अमल करेंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके बेतहाशा खर्च बढ़ सकते हैं। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा और आप अपने भविष्य को लेकर कोई इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आपकी परिवार के सदस्यों से खटपट होने की संभावना है, लेकिन यदि आपसे कोई गलती हो, तो आप उसमें तुरंत माफी मांग लें। किसी सरकारी काम में लापरवाही करना आपको नुकसान दे सकता है। आपका डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है।

मिथुन आज आपको किसी की कहीसुनी बात पर भरोसा करने से बचना होगा। ससुराल पक्ष के लोगों से रिश्तों में खटास आ गई थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आज आप रोमांटिक मूड में रहेंगे और आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आपकी कला-कौशल में सुधार आएगा और आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप बिना सोचे समझे किसी मामले को लेकर हामी न भरें।

कर्क आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप दिखावे के चक्कर में अच्छा खासा धन खर्च करेंगे, जो आपकी चिंताओं को बढ़ाएगा। किसी नए घर या दुकान आदि की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने परिवार में किसी सदस्य से करियर को लेकर कोई निर्णय सोच समझकर लें। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपने कामों में कोई बदलाव करेंगे, जो आने वाले समय में आपके लिए अच्छे रहेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यावसायिक गतिविधियां आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। आपको जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। आप अपने सगे संबंधियों पर काम को लेकर ज्यादा डिपेंड ना रहें। आपको किसी नए काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा। राजनीति की ओर बढ़ रहे लोगों की छवि उनका कोई साथी खराब करने की कोशिश कर सकता है। आज आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा हो सकता है।

कन्या आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। उच्च अधिकारियों के कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है, लेकिन उसमें आपको थोड़ी मेहनत करनी होगी। आप इधर-उधर के कामों पर ध्यान थोड़ा कम लगाएं। माताजी से आपका वाद-विवाद होने के संभावना है। आपको अपने सेहत पर भी थोड़ा ध्यान देना होगा और किसी से कोई बात आप सोच समझकर करें। आप किसी दूर रह रहे परिजन से मुलाकात कर सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि से समय पर निर्णय लेकर कोई गड़बड़ी होने से बच सकते हैं। आपको पुरानी योजनाओं से अच्छा लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन बढ़िया रहने वाला है। आपके जीवनसाथी को किसी नई नौकरी के प्राप्ति हो सकती हैं। आप अपने किसी विरोधी की बातों में न आएं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। सभी कामों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और नौकरी में भी आपको मन मुताबिक काम मिल सकता है। आपके सारे रिश्ते बढ़िया रहेंगे।

वृश्चिकआज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको अपने करीबियों से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। जो विद्यार्थी किसी विषय में बदलाव चाहते हैं, तो वह भी किसी अध्यापक की सलाह के बिना ना करें। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। सिंगल लोगों को उनके प्यार से मुलाकात हो सकती है।

धनु आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान दें। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। आज आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी की सलाह पर चलना आपके लिए बेहतर रहेगा। आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध न करें। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मकर आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। भाई व बहनों से आपको मेलजोल बनाए रखनी होगी, जो लोग नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप तकनीकी कामों में आगे रहेंगे। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। परिवार में किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह भी उस पर अमल अवश्य करेंगे। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के मदद के लिए आगे आएंगे। दान-धर्म के कार्यों मे आपकी काफी रुचि रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अपनी आंख और कान खुली रखें, क्योंकि आपको कोई धोखा देने की सोच सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने व्यवसाय से संबंधित फैसलों को आवेश में आकर न लें। अपने पार्टनर पर पूरे निगरानी बनाकर रखें। आपकी सुख-साधनों में वृद्धि होगी और ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

राजनीति

# बिहार,अपराध और राजनीति

निर्मल रानी



बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025 )के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनज़र राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफ़ी तेज़ हो गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गाँधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं। जब भी बिहार का चुनाव क़रीब आता है मीडिया में 'गुंडाराज ' और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे 'गुंडा राज' सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की ग़रज़ से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नितीश सरकार के शासन में बेख़ौफ़ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर 'गुंडाराज ' को संरक्षण देने की बात हो। परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालाँकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है

उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज़ घटना को ही देख लीजिये जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी । यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की क़ानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था। जिस दुस्साहसिक अंदाज़ में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुये , बेख़ौफ़ अंदाज़ में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गये इससे राज्य की क़ानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाज़िमी था। कांग्रेस ने नितीश सरकार पर क़ानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को "सरकारी अपराधी" क़रार देते हुए कहा कि बिहार में 'जंगलराज' की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी । उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज़ धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाज़ार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई। इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित ख़बर ने राज्य में धमाका कर दिया है।




बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नक़ली दवा मामले में दोषी ठहराया है। ख़बरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफ़े की मांग तेज़ कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को "मौत का सौदागर" कह रहा है तो कोई उन्हें "नक़ली दवा माफ़िया" क़रार देकर उसे बर्ख़ास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सज़ा और 20,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आख़िर ऐसा क्यों ? उधर जीवेश मिश्रा ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि वे कोर्ट में जवाब देंगे। बहरहाल इस मामले ने ख़ासकर 2025 विधानसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में नया तूफ़ान ज़रूर खड़ा कर दिया है। चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर ज़मीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा ।एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा। हाल के आंकड़ों में बिहार में जिन 31 हत्याओं का उल्लेख किया गया, उनमें से कुछ में राजनीतिक नेताओं के कथित संबंध भी सामने आए। इसी तरह पिछले दिनों पटना में भाजपा नेता विक्रम झा की हत्या और व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या जैसे मामलों ने क़ानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। ऐसे में जहां राजद नेता तेजस्वी यादव भाजपा को "गुंडों, अपराधियों और बलात्कारियों की पार्टी" क़रार दे रहे हैं वहीँ जवाब में भाजपा ने राजद-कांग्रेस गठबंधन को "अपराध की संस्कृति" का जनक बताया है। कहा जा सकता है कि सुशासन के लाख दावों के बावजूद दुर्भाग्यवश बिहार में आज भी अपराध और राजनीति का चोली दामन का साथ है।

# त्योहारों का प्रवेश द्वार है " हरेली "

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आस्था से आमजनों को जोड़ने वाले पर्व का नाम हरेली है । यथा नाम तथा गुणस्य की तरह हरेली का संबंध हरियाली से होता है । श्रावण मास की अमावस्या तिथि पर मनाया जाने वाला हरेली का पर्व यूं तो कृषक परिवार के लिए पूजा - अर्चना से संबंध रखता है , किंतु आजकल पर्व की खुशियां और भी तरीकों से सामने आने लगी हैं । छत्तीसगढ़ में बांस से बनाई गई गेड़ी चढ़ने का प्रचलन भी इसी पर्व पर दिखाई पड़ता है । मनोरंजन से जुड़ा नारियल फेंक प्रतियोगिता भी हरेली पर्व की पहचान बन चुका है । हरेली आने से पूर्व किसान अपनी फसलें बो चुके होते हैं । पर्व के दिन कृषि में उपयोग किए जाने वाले सभी यंत्रों और कलपुर्जों की पूजा किसान परिवार को आस्था से जोड़ जाती है । पर्व की खुशी तब और बढ़ जाती है जब घर की महिलाएं गुड़ का चिला और अनरसा जैसे पकवान बनाकर ईश्वर को अर्पित करती हैं और फिर परिवार में उल्लास के साथ इन्हीं पकवानों को भोजन स्वरूप ग्रहण किया जाता है ।

हरेली के दिन खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोहारों की पूछ - परख बढ़ जाती है । इस दिन गांव के लोहार प्रत्येक घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर चौखट में कील ठोककर आशीर्वाद देते हैं । ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से परिजनों की अनिष्ट से रक्षा होती है । छत्तीसगढ़ प्रदेश का बस्तर क्षेत्र हरेली को लेकर अलग परंपरा का निर्वहन करता आ रहा है । क्षेत्र के रहवासियों द्वारा हरेली अमावस्या पर अपने खेतों में औषधीय जड़ी - बूटियों के साथ तेंदू वृक्ष की छड़ी तोड़कर लाई जाती है । उस छड़ी को खेतों के समीप गाड़कर बस्तरवासी एक और त्यौहार मनाते हैं , जिसे अमुस पर्व के नाम से जाना जाता है । इसी छड़ी के ऊपरी हिस्से में शतावर , रसना जड़ी, केऊ कंद आदि को भेलवा के पत्तों में अच्छे तरीके से लपेटकर बांध दिया जाता है । क्षेत्रवासियों का ऐसा मानना है कि तेंदू की छड़ी को इस तरह से गाड़ने पर कीट - पतंग और अन्य व्याधियों से फसल की रक्षा होती है । इसी तरह इन्हीं जड़ी - बूटियों को मवेशियों को भी खिलाया जाता है । ऐसा मानते हैं कि इन्हें मवेशियों को खिलाने से कृषि कार्य के दौरान लगी चोट - मोच में जल्द आराम मिल जाता है । इसी तरह एक अन्य पर्व " रोग बोहरानी " की रस्म अदायगी भी की जाती है । इसके तहत बस्तरवासियों द्वारा उपयोग के बाद टूटी - फूटी बांस की सूप - टोकरी , झाड़ू तथा अन्य वस्तुओं को गांव के बाहर पेड़ पर लटका दिया जाता है । विशेष कर दक्षिण - बस्तर में बोहरानी की रस्म अदायगी लगभग पखवाड़े भर तक चला करती है । वैसे देखा जाए तो छत्तीसगढ़ प्रदेश में हरेली पर्व कुल देवता और ग्राम देवता की पूजा का बड़ा पर्व है । प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सहाड़देव अथवा ठाकुरदेव की पूजा-अर्चना के ऐतिहासिक वर्णन मिलते हैं । कहा जाता है कि इस दिन यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी- बूटियों को उबालकर किसानों को बांटते हैं । इसके बदले किसानों द्वारा यादवों को चावल , दाल आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते हैं । गांवों में सभी लोग एकत्र होकर ठाकुरदेव की पूजा करते हैं और उन्हें नारियल अर्पित करते हैं । संभवतः इसी पूजा के बाद लोग नारियल फेंक प्रतियोगिता से जुड़ते हैं । इसके लिए भारी से भारी पानी वाले नारियल का उपयोग किया जाता है । इसी दिन गांव के मैदान कबड्डी जैसे खेल से भरे नजर आते हैं । पर्व की खुशियां केवल पुरुष वर्ग तक सीमित न रहे यह मानते हुए महिलाओं के लिए सावन झूला , बिल्लस , खो - खो तथा फुगड़ी आदि ग्राम्य खेलों का भी आयोजन किया जाता है । हम कह सकते हैं कि हरेली मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है । यह जमीन और जीवन को सहारा देने वाले उपकरणों के प्रति कृतज्ञता की भावना को भी उजागर करता है । एक्र प्रकार से यह पर्व खेती किसानी के लिए तैयार वातावरण , मानसून और बोआई के लिए खेतों की जुताई , फसलों की बोआई के लिए कृषि देवताओं को समर्पित विभिन्न अनुष्ठान और समारोह का प्रतीक माना जाता है । किसान वर्ग ईश्वर से प्रार्थना करता है और अच्छी वर्षा तथा उपजाऊ भूमि के लिए उनका आभार मानता है । हरेली की परंपरा का अनुभव कर हम यह कह सकते हैं कि यह सामाजिक महत्व का विशेष पर्व है । कारण यह कि इस दिन गांव के लोग एक साथ मिलकर , सभी तरह के मन - मुटावों को भुलाकर त्यौहार में शामिल होते हैं । इस तरह त्योहार के आयोजन में भागीदारी आपसी भाईचारे और सामुदायिक भावना को बल प्रदान करने वाला होता है । इस त्योहार को जाति - धर्म से ऊपर उठकर सभी लोगों द्वारा मनाया जाता है । इस दिन एक ही जाति को प्रधानता दी जाती है और वह है कृषक जाति । इस तरह हरेली पर्व समाज में एकता और समरसता की जड़ों को मजबूती प्रदान करने वाला होता है । एक और जानकारी प्रकाश में आती है जो बैगा समुदाय से संबंध रखती है ।

ऐसा कहा जाता है कि बैगा समुदाय के सदस्य अपने शिष्यों को इस दिन जड़ी - बूटियों , पौधों और पेड़ों के औषधीय गुणों के विषय में शिक्षा प्रदान करते हैं । शिक्षा का यह अध्याय अगले 15 दिनों तक अनवरत चलता रहता है । ऋषि पंचमी के दिन इसका समापन किया जाता है । इस दिन शिक्षार्थियों की परीक्षा ली जाती है । जो इसमें उत्तीर्ण होते हैं उन्हें बैगा के रूप में सेवा देने का अवसर प्राप्त हो जाता है । हरेली पर्व को हिंदू त्योहारों का प्रवेश द्वार कहा जाता है । कारण यह कि इस पर्व के बाद ही पर्वों की श्रृंखला आमजनों को उत्सवों से जोड़ने का काम करती है । हरेली के बाद नाग पंचमी , रक्षाबंधन , तीजा , पोला , गणेशोत्सव , दुर्गोत्सव , दशहरा , शरद पूर्णिमा , करवा चौथ और पंच दिवसीय पर्व दीपावली का आगमन होता है । इसलिए यह कहना गलत नहीं लगता कि " त्योहारों का द्वार , हरेली त्यौहार ।" हरेली पर्व एक तरह से अमावस्या की अंधेरी रात से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है । प्रकाश ही जीवन का आधार है और हरेली पर्व की हरियाली मानव जीवन की खुशियों का प्रतीक । हरेली पर्व में राउत ,नाई, लोहार ,धोबी और कोटवार का महत्व भी बढ़ जाता है । सभी के संयुक्त योगदान से पर्व में किसी प्रकार का संकट न आने हेतु ईश्वरीय और सांस्कृतिक परंपरा का पालन करते हुए पूजा - अर्चना की जाती है । छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के उपरांत प्रदेश के लोकपर्वों की महत्ता और भी बढ़ गई है । प्रदेश की सरकारों द्वारा अपनी महती योजनाओं की शुरुआत के लिए भी हरेली जैसे पर्व को महत्व दिया जाने लगा है ।

# रवि किशन को मारते थे उनके पिता

रवि किशन आज एक जाने-माने अभिनेता और राजनेता हैं, लेकिन यह मुकाम हासिल करने के लिए उन्होंने 33 साल तक संघर्ष किया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पिता श्याम नारायण शुक्ला उन्हें हर दिन पीटते थे। एक दिन उनकी मां ने उन्हें 500 रुपये दिए और कहा, "चले जा वरना वो तुम्हें मार डालेंगे।"

**'वह मुझे नालायक समझते थे'**-राज शामानी के पॉडकास्ट में रवि किशन ने बताया, "मैं अपने पिता को यह साबित करने की कोशिश कर रहा था कि मैं प्यार के लायक हूं। वह मुझे नालायक समझते थे और मैं यह साबित करना चाहता था कि मैं ऐसा नहीं हूँ। वह एक पुजारी थे। बुद्धिमान थे। ब्राह्मण थे। मैंने एक बार उनसे पूछा था, आप इतनी पूजा क्यों करते हो? आप के पास कपड़े नहीं हैं। फटा हुआ कपड़ा पहना हुआ है। साइकिल टूटी हुई है। इससे वह गुस्सा हो गए और उन्होंने मुझे बहुत बहुत मारा।"

**'वह चाहते थे कि मैं खेती करूं'**-रवि के पिता अपनी इमेज को लेकर बहुत पजेसिव थे।



रवि बोले, "मैं गांव में नाटकों में हिस्सा लेता था। मैं देवी सीता का किरदार निभाता था और अक्सर अपनी मां की साड़ी पहनता था। इससे उन्हें गुस्से आता था। वह पागल हो जाते थे। मुझसे कहते थे, 'क्या तुम पागल हो गए हो, क्या तुम नचनिया बनना चाहते हो?' वह चाहते थे कि मैं खेती करूं और दूध बेचूं।"

**पिता के गुस्से की वजह से छोड़ा घर**-रवि किशन ने आगे बताया, "एक दिन मेरे पापा ने मुझे इतन मारा कि मुझे भागना पड़ा। उस दिन मेरी मां ने मुझे 500 रुपये दिए और कहा, 'जाओ, वरना आज वो तुम्हें मार डालेंगे।' मैं अपनी किस्मत आजमाने मुंबई आ गया। छोटे-मोटे रोल मिल जाते थे, लेकिन निर्माता पैसे देने से मना कर देते थे। अगर फीस मांगता तो कहते स्क्रीन टाइम कम कर देंगे। 10 साल तक बॉलीवुड में संघर्ष करने के बाद मैंने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा।"

**'मेरे पिताजी मेरी इज्जत करने लगे'**-रवि किशन बोले, "जब मैंने खूब पैसा कमाना शुरू किया, तब मेरे पिताजी मेरी इज्जत करने लगे... जब मैंने उन्हें अपने पास आने के लिए हवाईजहाज का टिकट देना शुरू किया। मैंने उन्हें अच्छे कपड़े, एक अच्छी कार और एक बंगला दिया। एक दिन वे रोने लगे और बोले, 'मुझे माफ कर दो। मैंने तुम्हें हमेशा गलत समझा।' मैं उनके पैरों पर गिर पड़ा और कहा, 'प्लीज, ऐसा मत करो।' मुझे उनमें भगवान दिखाई दिए।"

**'मैंने पूछा- आप मुझे इतना क्यों मारते थे?'**-रवि ने अपने पिता से सवाल करने की हिम्मत जुटाई। उन्होंने अपने पिताजी से पूछा, "आप मुझे इतना क्यों मारते थे?" उनके पिताजी ने जवाब दिया, "मुझे लगा था कि तुम कुछ गलत कर लोगे।" रवि किशन बोले, "वह ज्यादातर मुझे इस डर से पीटते थे कि कहीं मैं कुछ गलत न कर दूं। वह हमेशा मुझे पहले ही पीट देते थे, यह सोचकर कि मैं कुछ गलत कर बैठूं।"

## सू-दोकू 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण

अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरूआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है। तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरूआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ-पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।



**लिवर की समस्या**-आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं। हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार-बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**एक नजर**

### कलेक्टर ने किया निशुल्क पौधों का वितरण



**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई ।** जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत आज से निःशुल्क फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम जिला कार्यालय में प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 22 जुलाई से 8 अगस्त, 2025 तक जिले भर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा आमजन को अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल और काजू जैसे फलदार पौधे वितरित किए गए। पौधा वितरण कार्यक्रम में जनसामान्य की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं लोगों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है।

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र में 30 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप

**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से जारी विज्ञप्ति अनुसार 30 जुलाई 2025 दिन बुधवार को कार्यालय जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु आधार ऑपरेटर की 35 रिक्तियां प्राप्त हुई है.। इसके लिए 12 उत्तीर्ण, डीसीए, पीजीडीसीए को प्राथमिकता दी जायेगी। इस संबंध में आयु 18 से 35 वर्ष नियत की गई है साथ ही दंतेवाड़ा के मूल निवासी ही रिक्त पदों के लिए पात्र होगें। इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

### स्वामी आत्मानंद हिन्दी शासकीय उमा शाला भोगाम में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई।** विकासखंड दंतेवाड़ा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोगाम में ''स्मार्ट क्लास'' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस ''स्मार्ट क्लास'' की स्थापना में एचडीएफसी बैंक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। विद्यालय के छात्रों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें पढ़ाई में अधिक रुचि आने लगी है क्योंकि स्मार्ट क्लास के माध्यम से वे वीडियो और डिजिटल सामग्री की सहायता से विषयों को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं। शिक्षकों का भी मानना है कि इस आधुनिक तकनीक से न केवल पढ़ाई आसान हो गई है, बल्कि छात्रों की सहभागिता और समझने की क्षमता में भी वृद्धि हुई है।

### स्वच्छता रैंकिंग में नगर पंचायत बारसूर का देश में 21वाँ स्थान एवं जी.एफ.सी.में मिला 1 स्टार

**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई।** कार्यालय नगर पंचायत बारसूर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व वर्ष में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 20,000 से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय रैंकिंग में नगर पंचायत बारसूर को 470 वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। इस क्रम में नगर पंचायत बारसूर द्वारा अपनी रैंकिंग को बेहतर करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 20,000 से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय रैंकिंग में नगर पंचायत बारसूर को 21वीं स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें मुख्य रूप से स्वच्छता सूचकांक के तहत घर-घर जाकर कचरा संग्रहण स्रोत, पृथक्कीकरण अपशिष्ट उत्पादन का प्रसंस्करण, आवासीय क्षेत्रों की सफाई, क्षेत्रों की सफाई जैसे कार्य आदि शामिल है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 4 अगस्त तक आवेदन

**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई ।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, डी.के.एस. भवन रायपुर के प्रेस विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना बड़े बचेली अंतर्गत वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम पंचायत मोलसनार बड़ेपारा, मसेनार मांझीपारा, बचेली वार्ड क्रमांक -15 में आंगनबाड़ी सहायिका रिक्त पद पर नियमानुसार पूर्ति किया जाना हैं। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से दिनांक 21 जुलाई से 04 अगस्त 2025 संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में बंद लिफाफा, डाक या स्वयं के द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक अर्हतानुसार सहायिका पद हेतु 8वीं उत्तीर्ण होना तथा आयु 18 से 44 वर्ष का होना निर्धारित किया गया है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसो में कार्यालयीन समय पर कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना बड़े बचेली व महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## अच्छी बारिश, फसल और सुख समृद्धि के लिए होती है पूजा

# इंद्रदेव को मनाने भीमसेन जात्रा में जुटे 12 परगना के ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 जुलाई।** दक्षिण बस्तर की पारंपरिक पूजा पद्धतियों में आधुनिकता का साया अभी नहीं पड़ा है। ग्रामीण अपने रीति रिवाजों और संस्कृति के प्रति उतने ही आस्थावान हैं, जैसे पहले थे। प्रकृति पूजा के समृद्धशाली परंपरा के वाहक आदिवासियों की कई पीढ़ी इन पद्धतियों को नहीं भूला पाई है। पीढ़ी दर पीढ़ी इनका हस्तांतरण होता रहा है। खेती किसानी का समय आते ही यहां देवी-देवताओं को मनाने और उनकी पूजा का क्रम शुरू हो जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को भीमसेन जात्रा पूजा की परंपरा दंतेवाड़ा में निभाई गई।

श्रावण का माह शुरू होने के पखवाड़े भर बाद भी अंचल में अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से अकाल पड़ने की आशंका से ग्रामीण अब देवी



देवताओं को मनाने में लग गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को वार्षिक भीमसेन जात्रा आयोजित की गई। अंचल में अच्छी बारिश हो इसके लिए भगवान इंद्रदेव को मनाने ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। अच्छी बारिश, अच्छी फसल, पशुओं को बीमारी से बचाने तथा गांव की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ग्रामीण बड़ी संख्या में भीमसेन जात्रा में जुटे। करीब 12 परगनाओं के सैकड़ों



ग्रामीण भीमसेन जात्रा में देव पूजा में शामिल होने पहुंचे थे। सुबह शीतला माता मंदिर में माता की पूजा अर्चना हुई। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी द्वारा शीतला माता देवी की पूजा की गई इसके बाद शाम को पुराने रेस्ट हाउस के पास स्थित गांवदेई गुड़ी में शीतला पुजारी महेश नाग के साथ 12 लंकवार के ग्रामीण पहुंचे। इस गुड़ी में सभी गांव की सबसे बड़ी देवी विराजमान है। यहां पर सबसे पहले शीतला मंदिर के मुख्य पुजारी महेश नाग द्वारा डोंगरदेव की पूजा की गई तदोपरांत भीमसेन की पूजा हुई। स्थापित देवों के समक्ष देव खेलन, एवं देव मनाने की पंरपरा भी निभाई गई। पूजा उपरांत मुर्गा, मुर्गी, सुअर व बतख की बलि दी गई। इस जात्रा में गमावाडा, मसेनार, मोलसनार, कुम्हाररास, कुंदेली, पातररास, बालुद, मटेनार, चितालंका, तुडपारास, मंगनार, पण्डेवार, कामालूर, फरसपाल, भोगाम, डेगलरास, चितालूर के ग्रामीण एवं माटी पुजारी समेत बड़ी संख्या में गांव के सिरहा-गुनिया शामिल हुए। जात्रा की यह परंपरा हर वर्ष जुलाई के दूसरे मंगलवार को निभाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि भीमसेन जात्रा पूजा के बाद इंद्र देवता प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद स्वरूप अंचल में वर्षा होती है, जिससे कृषि और किसानी को नया जीवन मिलता है। इससे ग्रामीण इलाकों में समृद्धि आती है।

### जिले की समितियों में 15 हजार 402 टन खाद विक्रय के लिए शेष

**महासमुन्द 23 जुलाई ।** जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है।उप संचालक कृषि श्री एफ.आर. कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से खाद प्राप्त कर सकते हैं।

## भागीरथी नल-जल योजना के तहत 24 घंटे शुद्ध पेयजल की सुविधा,नागरिकों ने जताया आभार



**किरन्दुल,23 जुलाई।** औद्योगिक नगर किरन्दुल में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब स्थायी रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। भागीरथी नल-जल योजना के तहत नगर के सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके अंतर्गत वार्डों के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 24 घंटे पानी उपलब्ध कराया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद श्री गोपी नाथ, एवं पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वही उन्होंने कल एक सार्वजनिक नल का विधिवत शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को इसका लाभ दिलाया।ज्ञात हो कि वार्डवासियों एवं दुकानदारों द्वारा लंबे समय से सार्वजनिक पेयजल नल की मांग की जा रही थी। नागरिकों की इस मूलभूत आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका ने तत्परता से कार्य करते हुए 24 घंटे जल आपूर्ति की सुविधा सुनिश्चित की।इस जनसुविधा से संतुष्ट होकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह, पार्षद श्री गोपी नाथ तथा पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेंद्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने इसे जनहित में एक सराहनीय और दूरगामी निर्णय बताया।इस पहल से वार्डों में जल संकट की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है और नागरिकों को अब निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा सहज रूप से मिल रही है।

### निश्चेतना विशेषज्ञ की भर्ती के लिए इंटरव्यू 28 जुलाई को

**कांकेर 23 जुलाई ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कांकेर द्वारा जिला डीएमएफ मद अंतर्गत कांकेर जिले के स्वास्थ्य विभाग में निश्चेतना विशेषज्ञ (संविदा) के रिक्त पद हेतु 28 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि इच्छुक योग्य उम्मीदवार निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हांने बताया कि स्पीड पोस्ट, रजिस्टर, डाक, कुरियर या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदना पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## शासकीय योजनाओं से सलमा के घर में लौटी खुशियां

**सुकमा, 23 जुलाई।** जिले के छिंदगढ़ विकासखण्ड एवं पंचायत अंतर्गत हॉस्पिटल कालोनी में निवास करने वाली सलमा रैनी की कहानी आज पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन गई है। सलमा एक अत्यंत गरीब मजदूर वर्ग की तलाकशुदा महिला हैं, जो वर्षों से अपने परिवार के साथ एक जर्जर खपरैल वाले कच्चे मकान में जीवनयापन कर रही थीं। हवा, पानी, गर्मी और बरसात जैसे मौसम में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। परंतु इन कठिनाइयों को पीछे छोड़ते हुए आज वे पीएम आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित पक्के मकान में आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन कर रही हैं। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सलमा रैनी का नाम आर्थिक-सामाजिक जनगणना 2011 के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद पंचायत छिंदगढ़ द्वारा उन्हें आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। आज उनका पक्का आवास बनकर पूरी तरह तैयार है और वे उसमें परिवार के साथ गर्व पूर्वक रह रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिला है, जिससे उनके जीवनयापन में सुधार आया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत् घर में शौचालय भी बनाया गया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमा उन्हें 1000 रुपये की राशि मिलती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उन्हें सस्ते दर पर खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। उनका आयुष्मान कार्ड भी बन गया है जिससे अब परिवार गंभीर बीमारी की स्थिति में भी उपचार हेतु सुरक्षित है।



## जिले में अब तक 314.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 23 जुलाई।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 673.0 मिलीमीटर, कोंटा तहसील में 370.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 301.1 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 242.6 मिलीमीटर, जगरगुंडा तहसील में 236.2 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 217.1 मिलीमीटर और गादीरास तहसील में 146.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 314.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 22 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा सुकमा तहसील में 48.5 मिलीमीटर, कोन्टा तहसील में 24.0 मिलीमीटर, जगरगुंडा तहसील में 13.2 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 12.4 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 8.3 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 5.7 मिलीमीटर दर्ज और दोरनापाल तहसील में 1.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में आज कुल 16.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया जेल का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई ।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आज जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, जेल अधीक्षक अलोइश कुजुर उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिले के सभी बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, के संबंध में दिशा निर्देश दिए। और जिला जेल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कहा। इस क्रम में उन्होंने बंदियों से प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे दैनिक भोजन व्यवस्था, वस्त्रादि, स्वास्थ्य परीक्षण, विधिक सहायता की जानकारी ली। ज्ञात हो कि जिला जेल में वर्तमान में 6 कैदी 182 सामान्य हवालाती एवं 307 नक्सली बंदीकृत है। इसके साथ ही उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के कौशल विकास हेतु चलाये जा रहे कम्प्यूटर प्रशिक्षण स्कूल साक्षरता कक्षा, पुस्तकालय, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, एवं स्वास्थ्य परीक्षण कक्ष का अवलोकन करते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कैदियों को मिलने वाले भोजन का अवलोकन करते हुए बंदियों के स्वास्थ्य पर चर्चा कर आवश्यक्तानुसार दवाइयां उपलब्ध कराने को कहा।

### जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में जिला स्तरीय "कौशल तिहार-2025" का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 23 जुलाई ।** कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22, 23 एवं 25 जुलाई 2025 को जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय ''कौशल तिहार-2025'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 में प्रशिक्षण प्राप्त एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा। कौशल तिहार-2025 के अंतर्गत ऑटोमोटिव, ब्रिक लेयिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन, प्लम्बिंग, फील्ड तकनीशियन इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे 10 ट्रेड्स में प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जावेगा। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय कौशल तिहार-2025 में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**चक्काजाम**



**जगदलपुर, 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की अध्यक्षता में व बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में केंद्रीय जांच एजेंसी ई.डी.द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर की जा रही बदले की भावना व द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा आमागुड़ा चौक पर नाकेबंदी चक्काजाम किया गया ।

### पर्यटन से स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार : नेताम

**कांकेर 23 जुलाई ।** जिला मुख्यालय से 08 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम खमढोड़गी (ग्राम पंचायत कोकपुर) अब पर्यटन के नये आयाम से जुड़ गया है। जिला प्रशासन की विशेष पहल पर खमढोड़गी जलाशय में बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन (नौका विहार) का आज कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम के द्वारा आगाज किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। आज खमढोड़गी जलाशय में बैम्बू राफ्टिंग तथा नौकायन का शुभारंभ किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को निश्चित तौर पर रोजगार के नये अवसर मुहैय्या होंगे।विधायक श्री नेताम ने आगे कहा कि इस कार्य को अंजाम देने में जिला प्रशासन ने विशेष तौर पर प्रयास किया तथा पर्यटन के रूप में इस क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में अनेक कार्य किए। उन्होंने बताया कि जलाशय के सौन्दर्यीकरण और पहाड़ पर ट्रेकिंग के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना बनाई जा रही है। खमढोड़गी के ग्रामीण अनुशासित और स्वच्छताप्रिय हैं। विधायक ने यहां पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि खमढोड़गी का जलाशय सैलानियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## एकलव्य आदर्श विद्यालयों में लेटरल एंट्री से प्रवेश

**कांकेर 23 जुलाई।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़, कांकेर, नरहरपुर, फरसकोट भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में कक्षा 7वीं से 11 तक रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 7वीं, 8वी और 9वी में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ पूर्व कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर 25 जुलाई सायं 5.30 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में जमा कर सकते हैं। रिक्त सीटों के लिए प्रवेश चयन परीक्षा का अयोजन 27 जुलाई रविवार को प्रातः 11 से 01 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय ईमलीपारा कें किया जाएगा। इसी तरह कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन संबंधित विद्यालय में जमा करना होगा।

## नगर के विभिन्न वार्डों में मलेरियारोधी दवा का किया छिड़काव

**गीदम, 23 जुलाई ।** गीदम नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा की पहल से आज नगर के विभिन्न वार्डो में मलेरिया रोधी दवा का छिड़काव कराया गया । दरअसल शहर में मलेरिया के प्रकोप से बचने नपं अध्यक्ष ने सीएमओ को दवा छिड़काव करवाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद आज नपं अमले द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर शहर के विभिन्न वार्डो में दवा का छिड़काव कराया गया। इस दौरान नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने बताया कि मलेरिया के प्रकोप को रोकने नगर के



सभी घरों में दवा का छिड़काव कराया जा रहा है आप सभी नगरवासी अपने-अपने घरों में दवा का छिड़काव अवश्य करवाये और क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करे । इसके साथ ही जहां रुका हुआ पानी है ऐसी जगहों पर भी दवा का छिड़काव विशेष रूप से कराया जा रहा है । इस मौके पर नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा समेत नपं के पार्षदगण, सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान, बीएमओ डॉ देवेंद्र प्रताप एव नपं व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे ।

## पाट जात्रा पूजा विधान के साथ शुरू होगा ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व

**जगदलपुर, 23 जुलाई ।** बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में कल गुरुवार को हरेली अमावस्या के मौके पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरुआत होगी। इस दौरान पारंपरिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला रस्म अदा करेंगे। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति द्वारा मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादारों सहित गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को उपस्थित होकर पाट जात्रा पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस 75 दिवसीय ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में शुक्रवार 05 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, रविवार 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, सोमवार 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, मंगलवार 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित बुधवार 24 सितम्बर से सोमवार 29 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, सोमवार 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, मंगलवार 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, बुधवार 01 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, गुरुवार 02 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, शुक्रवार 03 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, शनिवार 04 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 05 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी और मंगलवार 07 अक्टूबर को मावली माता की डोली की विदाई पूजा विधान के साथ ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण,4 दुकानदारों को नोटिस जारी

**कांकेर 23 जुलाई ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग के टीम द्वारा विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के कोरर क्षेत्र के कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि भानुप्रतापपुर कोरर क्षेत्र के कई निजी कृषि सेवा केंद्रों पर अमानक सामग्री बेचने की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई दुकानों पर निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कोमरा के मार्गदर्शन में टीम द्वारा क्षेत्र के आसपास के गांवों में संचालित निजी कृषि केंद्रों निरीक्षण किया गया और दुकानों में लगे पीओएस मशीनों और स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया गया। साथ ही जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर का संधारण अपूर्ण, मूल्य सूची, मौजूदा स्टॉक, अनुज्ञप्ति पत्र का प्रदर्शन न करना, किसानों को बिल सामग्री का रसीद नहीं देना एवं तय कीमत से अधिक रेट में खाद उर्वरक बिक्री की शिकायत मिलने पर चार दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें कोरर के रवि वीरू ट्रेडर्स, जय महाकाली कृषि सेवा केन्द्र, राठौर कृषि सेवा केन्द्र तथा ग्राम हेटारकसा के कलिहारी कृषि केन्द्र सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि इसके पहले कई दुकानों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं और जांच में एफसीओ 1985 के उल्लंघन के प्रमाण भी मिले हैं। इस अवसर पर खाद एवं बीज उर्वरक निरीक्षक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे।



## एक नजर

### प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित दावा-आपत्ति 26 जुलाई तक

**रायगढ़, 23 जुलाई।** पं.जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु विद्यार्थियों के चयन के लिए 30 मार्च 2025 को आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपनी मेरिट सूची संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ कार्यालय में जाकर देख सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को अपने नाम या अन्य जानकारी में कोई त्रुटि प्रतीत होती है, तो वे 26 जुलाई 2025 तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायगढ़ कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि डाक द्वारा भेजे गए दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### डेंगू नियंत्रण को लेकर फील्ड पर दिखे सजगता:कलेक्टर

**रायगढ़, 23 जुलाई।** रायगढ़ में डेंगू से बचाव व रोकथाम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य और नगर निगम के साथ अन्य विभागों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि रायगढ़ में डेंगू की समस्या प्रतिवर्ष देखने को मिलती है। इससे बचाव और प्रसार नियंत्रण को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग सजगता से काम करे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले वार्डों में विशेष अभियान चलाएं। चिन्हांकित हॉटस्पॉट में डेंगूरोधी गतिविधियां संचालन पर फोकस करते हुए साफ -सफाई का खास ध्यान रखें। कचरे का नियमित उठाव करवाएं और टेमीफॉस दवा का छिड़काव और फॉगिंग करवाएं। इसमें जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाए।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**महासमुंद, 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 27 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11ः 00 से 01ः 15 बजे तक एक पाली में होगा। जिला मुख्यालय महासमुन्द के निर्धारित 25 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में जिले के 7,063 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा परीक्षा के सुचारू एवं निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने हेतु 25 परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया हैं। परीक्षा केन्द्रो की दूरी को दृष्टिगत रखते हुए, नियुक्त परिवहन अधिकारी/पर्यवेक्षक 27 जुलाई को प्रातः 8ः 30 बजे जिला कोषालय महासमुंद से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर, संबंधित परीक्षा केन्द्र में उपलब्ध कराएंगे तथा परीक्षा समाप्ति के उपरांत गोपनीय सामग्री को कोऑर्डिनेटर के माध्यम से सील बंद करके जिला/उप कोषालय में जमा करेंगे। कार्यमुक्त होने के पूर्व परिवहन अधिकारी पर्यवेक्षक ओ0 के0 रिपोर्ट नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी को अनिवार्यतः सौपेगें।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन 28 जुलाई को

**महासमुंद, 23 जुलाई ।** सभापति, कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत महासमुंद के निर्देशानुसार सोमवार 28 जुलाई 2025 को कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक दोपहर 12:00 बजे से कार्यालय उप संचालक कृषि, महासमुंद में संपन्न होगी।

उप संचालक कृषि श्री एफ. आर. कश्यप ने बताया कि बैठक में विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभागीय योजनाओं का अनुमोदन। खरीफ मौसम हेतु उर्वरक, बीज, अन्य आदानों एवं कृषि गतिविधियों की स्थिति की समीक्षा एवं अन्य विभागीय विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों को निर्धारित तिथि व समय पर आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने कहा गया है।

### जिले में 578.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 23 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 जुलाई तक 578.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 656.2 मिली मीटर, पुसौर में 651, खरसिया में 563.1, घरघोड़ा में 559.8, तमनार में 433.8, लैलूंगा में 509.4, मुकडेगा में 628.9, धरमजयगढ़ में 501.6, छाल में 550.4 एवं कापू में 727.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 28.95 करोड़ की लागत से शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के काम प्राथमिकता से बढ़ाए जा रहे आगे

# डीएमएफ से जिले में जन सुविधाओं को मिल रहा विस्तार

**रायगढ़, 23 जुलाई।** रायगढ़ जिले में डीएमएफ की राशि से विकास कार्यों को लगातार रफ्तार दी जा रही है। जिले के दूरस्थ अंचलों में बुनियादी जन सुविधाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें जैसे मूलभूत कार्यों और अधोसंरचना को उन्नत बनाने का काम हो रहा है। जिसके तहत जिले में 28.95 करोड़ लागत के विभिन्न कार्य होने जा रहे हैं।

इन जनोपयोगी कार्यों से क्षेत्र में स्वास्थ्यगत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी, उपचार के लिए अस्पतालों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी निर्मित होगी, आवागमन सुगम होगा। भवन विहीन स्कूलों के भवनों के निर्माण से छात्रों की पढ़ाई निर्बाध होगी और पठन-पाठन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा।ग्रामीण अंचलों और दूरदराज में 15 करोड़ की लागत से सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। ये सड़कें आवागमन को सुगम बनाएंगी। पीएमजीएसवाय के तहत 7 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। जिनमें लैलूंगा के गहना झरिया से लभनीपारा के बीच 3.60 किमी सड़क 2.22 करोड़, तमनार में अमलीढोढा पीएमजीएसवाय रोड से समकेरा गौरबहरी के बीच 3.60 किमी सड़क 1.80 करोड़, पतरापाली से बरकसपाली तक 1.60 किमी सड़क 1.44 करोड़, घरघोड़ा में तुमीडीह से छर्राटांगर तक 4.30 किमी सड़क 3.08 करोड़, धरमजयगढ़ में ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी तक 4 किमी सड़क 2.69 करोड़, सेमीपाली से कोंध्रा के बीच 4 किमी सड़क 2.31 करोड़ और खरसिया में खडग़ांव से गोड़पार बस्ती तक 2 कि.मी.सड़क 1.49 करोड़ की लागत से बनने जा रही है।

**करोड़ों की लागत से बनाए जाएंगे नए स्कूल भवन, अतिरिक्त कक्षों का होगा निर्माण**

डीएमएफ से शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर और अधोसंरचना को सुविधाजनक बनाने के लिए भी व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। करीब 6 करोड़ की लागत से 8 भवन विहीन स्कूलों के लिए नए भवन बनाए जाएंगे। जिनमें तमनार के हाई स्कूल जिवरी, हाई स्कूल सामारुमा, शा.उ.मा.महलोई और हाई स्कूल दक्षिण रेगांव, खरसिया के हाई स्कूल तेली पाली, हाईस्कूल पुसल्दा और रायगढ़ के हाईस्कूल समपई और हाई स्कूल रेगड़ा शामिल है। प्रत्येक स्कूल भवन 75.23 लाख रुपए की लागत से कुल 6.01 करोड़ में तैयार किया जाएगा। इसके अलावा कई विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी किया जाएगा। इनमें तमनार के हाई स्कूल बडग़ांव और कचकोबा में कुल 70.36 लाख की लागत से 05-05 कक्ष बनाए जाएंगे। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पुसौर में 06 कक्ष निर्माण हेतु 48.40 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगीतराई में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 70 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए



**रायगढ़, 23 जुलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है और खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रायगढ़ शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और दूध व दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की। अभियान के दौरान टीम ने शहर के कई प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मुरारी द किचन ढ़िमरापुर चौक का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कारखाना मुरारी एवं महावीर मिष्ठान भंडार, हटरी चौक से %खोवा' (खुला) का नमूना संदेह के आधार पर जब्त किया गया। साथ ही गणगौर स्वीट्स पैलेस रोड, विकास डेयरी चक्रधर नगर और फ्रेश सेल बड़े रामपुर स्थित पनीर निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया गया। यहां से खुले पनीर का नमूना लिया गया और प्रतिष्ठानों को साफ.-सफाई व अन्य सुधारों के लिए नोटिस जारी किए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संदिग्ध खाद्य उत्पादों की जांच के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरिता पटेल, सागर दत्ता, शांतनु भट्टाचार्य और नमूना सहायक शाश्वत तिवारी शामिल थे।

### सड़क पर डबल केजव्हील ट्रैक्टर नहीं चलाने की दें समझाईश:कलेक्टर

**रायगढ़, 23 जुलाई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सड़कों पर डबल केजव्हील के साथ चल रहे ट्रैक्टरों को लेकर कहा कि इससे सड़कों को काफी नुकसान पहुंचता है, इससे आमजन को परेशानी होती है। उन्होंने इस पर सख्त रूख अपनाते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि ट्रैक्टर चालकों को सड़क पर डबल केजव्हील न चलाने की पहले समझाईश दें, फिर भी इसका पालन नहीं करने वाले ट्रेक्टर चालकों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

# फूलों की खेती से एक साल में 10 लाख की कमाई



**रायपुर, 23 जुलाई।** कभी धान की परंपरागत खेती करने वाले सरगुजा जिले के किसान दिनेश कुमार सिंह ने जब गुलाब की खेती शुरू की, तो शायद खुद भी नहीं जानते थे कि यह निर्णय उनकी किस्मत बदल देगा। आज वे दो एकड़ जमीन में पॉली हाउस के जरिए डच गुलाब की उन्नत खेती कर रहे हैं और प्रतिदिन 5,000 से अधिक गुलाब के फूलों का उत्पादन कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। उनकी इस सफलता ने जिले के अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित किया है कि कैसे पारंपरिक खेती से हटकर नवाचार और आधुनिक तकनीक अपनाकर कम समय में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है।दिनेश सिंह पहले की तरह धान की खेती कर रहे थे, जिसमें लागत तो अधिक थी लेकिन आमदनी बेहद कम। मौसम पर पूरी तरह निर्भर यह खेती हर साल नुकसान की आशंका लेकर आती थी। इस बीच जब उन्हें उद्यानिकी विभाग से गुलाब की खेती के बारे में जानकारी मिली, तब उन्होंने पॉली हाउस बनाकर फूलों की खेती का निश्चय किया। नाबार्ड से 63 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और उद्यानिकी विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन लेकर उन्होंने लगभग 1.30 करोड़ रुपये की लागत से पॉली हाउस का निर्माण किया, जिसमें से 93 लाख रुपये उन्होंने बैंक ऋण के रूप में लिए।दिनेश के पॉली हाउस में डच रोज़ के साथ जुमेलिया और टॉप सीक्रेट प्रजाति के गुलाब उगाए जा रहे हैं। पॉली हाउस में वर्षभर खेती की जा सकती है। सिंचाई के लिए ड्रिप सिस्टम, तापमान नियंत्रित करने के लिए फोगर सिस्टम तथा पौधों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित माली द्वारा 'वाइंडिंग' की व्यवस्था की गई है। कमजोर कलियों को काटकर दो नई कलियों का विकास किया जाता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता व उत्पादन दोनों बेहतर होता है।दिनेश बताते हैं कि गुलाब की मांग पूरे वर्ष बनी रहती है। सामान्य दिनों में एक गुलाब की कीमत 4 से 5 रुपये होती है, जबकि शादी-ब्याह और त्योहारों के सीजन में यही कीमत 15 से 20 रुपये तक पहुंच जाती है। उनके गुलाब की मांग न केवल छत्तीसगढ़ में है, बल्कि उड़ीसा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से भी ऑर्डर मिलते हैं।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत उन्हें पॉली हाउस निर्माण, ड्रिप सिस्टम और अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए शासन की ओर से सहायता मिली। साथ ही, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने उन्हें उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी दी।

## प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को अडाणी को सौंपकर छगवासियों से धोखा कर रही सरकार : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी के आव्हान पर आज पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने नदी मोड़ घोड़ारी ओवरब्रिज पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने ईडी व अडाणी के विरोध में जमकर नारेबाजी की तथा भाजपा सरकार के राजनीतिक कार्रवाई की आलोचना की। इस दौरान नेशनल हाईवे 53 के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। 2 घंटे तक पूरी तरह यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गया।

चक्काजाम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राजनीतिक हित के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को डराने, धमकाने व लोकतंत्र के आवाज को दबाने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री व उनके परिवार पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई कर भाजपा ने यह बता दिया है कि जनता की आवाज उठाने वालों पर तानाशाही पूर्ण कार्रवाई किया जाएगा। प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को अडानी, अंबादी के हाथों में सौंपकर भाजपा ने प्रदेश वासियों के साथ धोखा किया है। जिस हसदेव जंगल को कटने से बचाने के लिए कांग्रेस सरकार में विधान सभा में प्रस्ताव पारित किया गया था उसी को भाजपा सरकार बनते ही अडाणी को सौंप दिया गया। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा अडाणी का मुद्दा उठाने की सूचना मिलते ही भाजपा सरकार भयभीत होकर उनके घर में ईडी भेज कर उनके पुत्र को गिरफ्तार किया। झूठे आरोपों में फँसाकर भाजपा ने विपक्षी आवाज को नहीं लोकतंत्र को दबाने का कार्य किया। भाजपा के तानाशाही व अनैतिक कृत्यों का विरोध कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता डटकर कर रही है। प्रदेश की जनता भाजपा के तानाशाही व द्वेषपूर्ण राजनीति का जवाब आगामी समय में देने को तत्पर है।चक्काजाम के दौरान संजय र्मा, विवेक पटेल, कुलेश्वर ठाकुर, दिलीप जैन, कपिल साहू, सेवन लाल चंद्राकर, विजय साव, सूरज नायक, विराज चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, महेंद्र साहू, विष्णु साहू, सौरभ चंद्राकर, माणिक साहू, दिलीप चंद्राकर, सोनम बंसोड़, जयश्री सोनकर, भूमिका ध्रुव, सैलेंद्र सेन, अनुराग, आवेज खान, गजेंद्र साहू, राकेश साहू, दिलीप चंद्राकर, कमलेश सोनकर, राजू यादव, तोषण कन्नौजे, कमल प्रजापति, केके साहू, विजय बंधे, नजरू भाटी, भोले गंधर्व सहित 500 से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित थे।

# हरेली कृषि जीवन का उत्सव,पर्यावरण चेतना का प्रतीक भी

**धमतरी, 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की धरती पर जब सावन की पहली अमावस्या दस्तक देती है, तो प्रकृति के हर कोने में हरियाली की गूंज सुनाई देने लगती है। इसी उल्लास और जीवंतता का प्रतीक है 'हरेली तिहार', जो न केवल कृषि जीवन का उत्सव है, बल्कि छत्तीसगढ़ की गहराई से जुड़ी संस्कृति, परंपरा और लोकचेतना की झलक भी है। धमतरी जिले में खासकर ग्रामीण इलाकों में यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है ।'

**हरेलीः** हरियाली का पर्व, आत्मा की ताजगी'हरेली' शब्द स्वयं में ही हरियाली का संदेश समेटे है। यह त्यौहार केवल प्रकृति की पूजा नहीं है, बल्कि उस श्रम का उत्सव है जो किसान खेतों में दिन-रात पसीना बहाकर रचता है। हरेली एक प्रतीक हैकृधरा और मानव के बीच उस अटूट संबंध का, जो भूमि को माता और हल को भगवान का दर्जा देता है।हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में रचा-बसा पर्व है, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। यह त्यौहार उस समय आता है, जब खेतों में बीज बो दिए जाते हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा की प्रार्थना करता है।धार्मिक आस्था और लोक परंपरा का मिलन-हरेली केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक परंपरा का जीवंत रूप है। इस दिन हल, गैंती, कुदाल जैसे कृषि औजारों की पूजा की जाती है। किसान इन्हें सजाकर धूप-दीप दिखाते हैं। यह कर्म न केवल प्रकृति और औजारों के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है, बल्कि जीवन की बुनियादी विनम्रता को भी प्रकट करता है।गौरी-गौरा की पूजा, महिलाएं पारंपरिक गीतों और पकवानों के साथ करती हैं, जिसमें मातृशक्ति की पूजा और पारिवारिक समरसता की कामना समाहित होती है।

**प्रकृति संरक्षण का लोक संदेश**-हरेली तिहार केवल धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि यह पर्यावरण चेतना का भी प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा की गई 'एक पेड़ माँ के नाम' अपील, इस त्यौहार को हरियाली के प्रतीक से आगे बढ़ाकर हरित क्रांति के संकल्प से जोड़ती है।

जब बच्चा अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाता है, तो वह न केवल वृक्षारोपण करता है, बल्कि प्रकृति और संबंधों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाता है। यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और स्थायी धरोहर छोड़ने जैसा है।

खेल, पकवान और उल्लास-हरेली तिहार का सबसे रंगीन पहलू हैकृगांव-गांव में गूंजते पारंपरिक खेल और व्यंजन। गेंड़ी चढ़ना, बच्चों और युवाओं के लिए साहस और संतुलन की परीक्षा है, जो उत्साह और मस्ती से भरा होता है। खो-खो, कबड्डी जैसे खेल गांव की मिट्टी से जुड़ी ऊर्जा को पुनः जीवित करते हैं।वहीं, रसोई घरों से आती चीला, खुरमी, फरहा, बबरा और ठेठरी की खुशबू न केवल स्वाद को जगाती है, बल्कि घर के भीतर प्रेम और सामूहिकता की भावना को गाढ़ा करती है।

**सामाजिक समरसता का संदेशवाहक**-हरेली तिहार की सबसे बड़ी विशेषता है इसकी सामाजिक समरसता। यह त्यौहार किसी जाति, वर्ग या धर्म की सीमा में बंधा नहीं है,

# पीएम मातृ वंदना योजना:जिले के 20357 हितग्राहियों को 10.18 करोड़ रुपए का भुगतान



महासमुंद, 23 जुलाई। इमली भाठा, महासमुंद की रहने वाली गायत्री देवांगन एक साधारण लेकिन सजग महिला हैं, उनका जीवन और परिवार केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। वह न केवल एक कुशल गृहिणी हैं, बल्कि समाज की उन महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने योजनाओं की जानकारी लेकर उनका भरपूर लाभ उठाया और अपने परिवार को सशक्त बनाने की ओर कदम बढ़ाया।

गायत्री ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के अंतर्गत पहली बार माँ बनने पर 5,000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त की। इस राशि का उपयोग उन्होंने प्रसव पूर्व पोषण और स्वास्थ्य जांच में किया, जिससे गर्भावस्था के दौरान बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सकी। इस योजना से उन्हें 5 हजार की सहायता दो किस्तों में प्राप्त हुई। इसी तरह राज्य सरकार की कौशल्या मातृत्व सहायता योजना के तहत गायत्री को दूसरी बार गर्भधारण पर अतिरिक्त सहायता राशि प्राप्त हुई। इस योजना से दूसरी बार गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जाता है ताकि मातृ के दौरान आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। इससे उन्हें 6 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई।राज्य सरकारी की महती योजना महतारी वंदन के तहत उन्हें हर महीने 1,000 की आर्थिक सहायता मिल रही है। इस राशि से वे बच्चों की पढ़ाई, पोषण और रसोई खर्च जैसे छोटे-छोटे ज़रूरतें पूरी करती हैं। गायत्री मानती हैं कि यह योजना उनके परिवार की मासिक मदद बन गई है। दो बेटियों की मां गायत्री ने नोनी सुरक्षा योजना का लाभ उठाकर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का बड़ा कदम उठाया। बेटियों के जन्म के साथ ही उनके नाम पर नवजात कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 साल तक 5-5 हजार रुपए की राशि जमा की गई, जो उन्हें भविष्य में शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में सहारा देगी। 18 वर्ष के पश्चात एक लाख रुपए की राशि प्राप्त होगी।गायत्री के पति एक वेल्डर हैं। आय सीमित होते हुए भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। गायत्री ने आंगनबाड़ी से जुड़कर न केवल पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की, बल्कि अन्य महिलाओं को भी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। आज गायत्री का परिवार संतुलित पोषण, सुरक्षित मातृत्व और बालिका शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वे कहती हैं अगर हम योजनाओं की जानकारी लें और उनका सही उपयोग करें, तो कोई भी कठिनाई बड़ी नहीं लगती।उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले में विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित है ।

## शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं छात्रावास का शुभारंभ



**बीजापुर 23 जुलाई ।** दक्षिण बस्तर के सुदूर अंचल बीजापुर में बालिकाओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं छात्रावास का शुभारंभ कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा किया गया। यह महाविद्यालय पूर्व में शासकीय शहीद वेंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में संचालित था, जिसे अब स्वतंत्र भवन एवं छात्रावास के साथ प्रारंभ किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह साहू ने कॉलेज की प्रगति व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्री देवेन्द्र सिंह, मंडल संयोजक श्री विष्णु दुर्गम, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती माधुरी साहू, सहायक प्राध्यापक श्री ललित ठाकुर, श्री कृष्ण अंगनपल्ली, लाइब्रेरियन सुश्री प्रभा मांझी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय एवं वीर नागुल दोरला महाविद्यालय से भी प्राध्यापक व कर्मचारी समारोह में शामिल हुए। यह महाविद्यालय जिले की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने वाला एकमात्र संस्थान है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

## पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बीजापुर 23 जुलाई ।** पं0 जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 मार्च 2025 को जिला स्तर पर किया गया था। परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन पश्चात प्राप्तांक के आधार पर परीक्षा परिणाम सूची तैयार कर प्रकाशित किया गया है। यदि किसी विद्यार्थियों/पालकों को परीक्षा परिणाम सूची के संबंध में दावा आपत्ति हो तो प्रमाण सहित व्यक्तिशः या डाक द्वारा दावा आपत्ति 25 जुलाई 2025 को सायं 5:30 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बीजापुर में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

**सक्ती, 23 जुलाई ।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई । जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।जनदर्शन में आज तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम ठठारी निवासी भगवती देवी ने प्रकरण स्थानांतरित करने के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम सलिहाभांठा निवासी हिरेंद्र राम चौहान ने ग्राम सलिहाभांठा में सुशासन तिहार में मनरेगा पशुशेड मांग किया गया था जिसे स्वीकृत करने के सम्बन्ध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम पिहरिद निवासी जितेंद शर्मा ने भू अधिकार पत्र (आवासीय) हेतु आवेदन पत्र के सम्बन्ध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम भोथिया के समस्त ग्रामवासियों ने भोथिया से झालरौंदा तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में, समस्त छात्रगण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलनी ने शिक्षक की कमी होने के कारण आवेदन पत्र के सम्बन्ध में सहित विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया ।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों के जीवन में आई आर्थिक खुशहाली

**रायपुर, 23 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक में बढ़ोत्तरी, तेन्दूपत्ता बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण योजना से लाखों संग्राहक परिवारों के जीवन में खुशहाली और आर्थिक समृद्धि आयी है। तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य से अब संग्राहकों को अधिक आय होने लगी है। संग्राहकों को पारिश्रमिक का भुगतान पूरी पारदर्शिता से किया जा रहा है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बताया कि अब तक 10.85 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 671 करोड़ रुपये से अधिक की पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया जा चुका है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किए जाने से वन क्षेत्र में रहने वाले गरीब और आदिवासी परिवारों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलने लगा है। इस राशि का भुगतान समितियों के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाता है। कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की तेन्दूपत्ता संग्राहक महिलाओं के पैरों की सुरक्षा और उनके सम्मान के लिए चरण पादुका वितरण योजना संचालित की जा रही है, जो छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता और जनकल्याण की मिसाल है।

## सीएम ने दी नवलीन को बधाई देकर कहा,छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को मिलेगा हरसंभव सहयोग

**रायपुर, 23 जुलाई ।** खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के हर खिलाड़ी को उसकी मेहनत, लगन और क्षमता के अनुरूप अवसर, संसाधन और मंच उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने महासमुंद जिले की नवोदित तीरंदाज नवलीन कौर को आगामी राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी में स्थान बनाने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवलीन जैसी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के भविष्य की नींव हैं और सरकार उन्हें खेल के हर स्तर पर निखारने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

जन्म से ही स्वास्थ्यगत चुनौतियों से जूझने वाली नवलीन ने इसे अपनी कमज़ोरी नहीं, बल्कि ताकत में बदल दिया और खेल को अपना जीवन-मार्ग चुना। उन्होंने फरवरी 2025 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति और मेहनत के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।महासमुंद जिले के बागबाहरा की निवासी नवलीन कौर, श्री अरविंद एवं श्रीमती रंजीत कौर छाबड़ा की सुपुत्री हैं। उनका जन्म गर्भावस्था के सातवें महीने में हुआ था, जिससे प्रारंभिक वर्षों में स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियाँ रहीं।

## श्रम पंजीयन शिविर 1 से 14 अगस्त तक

**धमतरी, 23 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निर्माण स्थलों और ग्राम पंचायतों में श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 01 से 14 अगस्त कि श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए श्रम पदाधिकारी ने अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाए हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि एक अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्यस्थल बालाजी कालोनी, 4 अगस्त को कुरूद के भेलवाकूदा, 5 अगस्त को मगरलोड के भवन निर्माण कार्यस्थल धौराभाठा(नवा), 6 अगस्त को नगरी के बस स्टैण्ड के पास चुरियारापारा में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।इसी तरह 7 अगस्त को धमतरी के भवन निर्माण कार्य स्थल जोधापुर, 8 अगस्त को कुरूद के जीजामगांव, 11 अगस्त को मगरलोड के ग्राम पंचायत करेलीछोटी स्थित नाली निर्माण कार्यस्थल, 12 अगस्त को धमतरी के ग्राम पंचायत भानपुरी में भवन निर्माण कार्यस्थल, 13 अगस्त को कुरूद के भखारा स्थित मेन रोड में कॉम्पलेक्स निर्माण कार्यस्थल और 14 अगस्त को मगरलोड के तेन्दूभाठा स्थित भवन निर्माण कार्यस्थल में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### भारत-इंग्लैंड चौथा टेस्ट आज से

## पहले दिन बादलों का रहेगा जमावड़ा



भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले की शुरुआत 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में होगी। इस सीरीज में अब तक खेले गए तीन मुकाबलों में से 2 को इंग्लैंड जीतने में कामयाब रही है तो वहीं एक मैच भारतीय टीम ने अपने नाम किया है। ऐसे में सीरीज का चौथा मैच दोनों टीमों के लिए काफी अहम रहने वाला है। इस मुकाबले के लिए मेजबान इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग 11 का पहले ही ऐलान कर दिया था, जिसमें सिर्फ एक बदलाव किया गया है। वहीं इस मुकाबले में मौसम काफी अहम रहने वाला है, जिसका मुकाबले में साफतौर पर असर पड़ना तय है। ऐसे में पहले दिन मैनचेस्टर के मैदान पर पहले दिन किस तरह का मौसम रहेगा इसको लेकर सभी की नजरें रहने वाली हैं। मैनचेस्टर टेस्ट मैच के पहले दिन के मौसम को लेकर बात की जाए तो इस मुकाबले में पांचों दिन बारिश होने की उम्मीद जताई गई है, जिसमें एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार 23 जुलाई को मैनचेस्टर में पूरे दिन ओवरकास्ट कंडीशन देखने को मिलेगी। वहां पर स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे से मैच की शुरुआत होगी जिसमें उसके एक घंटे के बाद लगभग बारिश होने की संभावना है। मैनचेस्टर में पूरे दिन लगभग 65 फीसदी बारिश हो सकती है, जिसमें खेल आगे बढ़ने के साथ मौसम के चलते रुकावट भी देखने को मिलेगी। ऐसे में टॉस की अहमियत काफी ज्यादा बढ़ जाती है, क्योंकि इसे जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करने का फैसला लेना चाहेगी।

# वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ी को नहीं मिली उम्मीद के अनुसार विदाई

## 15 साल लंबे करियर का हार के साथ हुआ अंत




वर्ल्ड क्रिकेट में दिग्गज ऑलराउंडर प्लेयर्स में शुमार किए जाने वाले वेस्टइंडीज टीम के खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने अपने 15 साल लंबे इंटरनेशनल करियर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले के खत्म होने के साथ अंत कर दिया। रसेल ने इस सीरीज के शुरू होने से पहले ही अपने रिटायरमेंट लेने की जानकारी फैंस को दे दी थी। जमैका के सबाइना पार्क में खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज की टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें वह अपने दिग्गज प्लेयर को उम्मीद के अनुसार विदाई देने में कामयाब नहीं हो सके। रसेल ने अपने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच में बल्ले से 15 गेंदों में 2 चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।

दूसरे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 172 रनों का स्कोर बनाया था। इस टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एक समय 42 के स्कोर पर अपने 2 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन के बीच हुई तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी करने के साथ अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिलाकर वापस लौटे। इंगलिस ने जहां इस मैच में नाबाद 78 रनों की पारी खेली तो वहीं कैमरून ग्रीन के बल्ले से 56 रन देखने को मिले। इस टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला अब 26 जुलाई को भारतीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे खेला जाएगा।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इंग्लैंड के दौरे का आगाज और अंत दोनों ही रहा शानदार

## गेंद से दिखा क्रांति का कमाल; सीरीज किया अपने नाम




भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के दौरे का आगाज और अंत दोनों ही काफी शानदार तरीके से किया है, जिसमें उन्होंने पहले जहां 5 मैचों की टी20 सीरीज को 3-2 से अपने नाम किया था, तो वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज को भी 2-1 से जीतने में कामयाब रही। इस वनडे सीरीज का आखिरी मैच 22 जुलाई को चेस्टर ली स्ट्रीट के मैदान पर खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की बेहतरीन शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का स्कोर बनाया था। वहीं इस टारगेट का पीछा करते हुए मेजबान इंग्लैंड की टीम 305 रन बनाकर सिमट गई। भारतीय टीम पहली बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात देने में सफल हुई है। इंग्लैंड महिला टीम के लिए तीसरे वनडे में टीम इंडिया की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी। क्रांति ने इस मैच में अपने 9.5 ओवर्स में 52 रन देने के साथ 6 विकेट हासिल किए। क्रांति ने इस दौरान इंग्लैंड टीम के दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों को जल्दी पवेलियन भेजने में अहम भूमिका अदा की। क्रांति महिला क्रिकेट में भारत की तरफ से एक वनडे मैच में 6 विकेट हासिल करने वाली अब तक की सिर्फ चौथी खिलाड़ी हैं। क्रांति के अलावा श्री चरणी ने 2 और दीप्ति शर्मा ने भी एक विकेट अपने नाम किया। इस मैच में इंग्लैंड की तरफ से कप्तान नैट-साइवर ब्रंट ने 98 और एमा लैंब ने 68 रनों की पारी तो खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सकी।

विदेशी दौरों पर भारतीय महिला टीम का पिछले कुछ सालों में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें अब इंग्लैंड का ये दौरा भी शामिल हो गया है। भारतीय महिला टीम पांचवीं बार किसी विदेशी दौरे पर टी20 और वनडे दोनों ही सीरीज जीतने में कामयाब हो सकी है, जिसमें इंग्लैंड में उन्होंने ऐसा पहली बार किया है। इस वनडे सीरीज में टीम इंडिया की तरफ से क्रांति गौड़ ने सबसे ज्यादा कुल 9 विकेट अपने नाम किया तो वहीं बल्लेबाजी में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 42 के औसत से कुल 126 रन बनाए।

# एबी डिविलियर्स का मैदान पर दिखा स्पाइडरमैन अवतार

## बाउंड्री के पास फिसलते हुए पकड़ा अद्भुत कैच



वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफलीजेंड्स के दूसरे सीजन में 22 जुलाई को इंडिया चैंपियंस टीम का सामना साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम के साथ था, जिसमें उन्हें डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार 88 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी संभाल रहे 41 साल के एबी डिविलियर्स ने बाउंड्री अपनी अद्भुत फील्डिंग से एकबार फिर से फैंस को पुराने दिनों की याद दिला दी, जिसमें जब उन्होंने यूसुफपठान का कैच स्लाइड करते हुए पकड़ा उसे देख सभी हैरान जरूर रह गए।

इंडिया चैंपियंस की टीम जब इस मुकाबले में टारगेट का पीछा कर रही थी तो उस समय 7 ओवर्स तक 44 रन बना लिए थे। इस अगले ओवर की पहली गेंद जो इमरान ताहिर ने फेंकी थी उसपर यूसुफपठान ने बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया जो एक समय बाउंड्री के करीब जाते हुए भी दिखा लेकिन इसी दौरान वहां पर एबी डिविलियर्स की शानदार फील्डिंग का नजारा फैंस को देखने को मिला जिसमें उन्होंने स्लाइड करते हुए काफी करीब से गेंद को पकड़ा और फिर उसे बड़ी आसानी से अपने पास सारेल इरवी के आते देख उछाल दिया। डिविलियर्स की इस फील्डिंग से फैंस को उनके स्पाइडरमैन अवतार की याद आ गई जिसमें उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर के दौरान कई ऐसे हैरान करने वाले कैच पकड़े हैं।

इस मुकाबले में एबी डिविलियर्स का बल्ले से भी कमाल देखने को मिला जिसमें उन्होंने इंडिया चैंपियंस के खिलाफमैच में सिर्फ30 गेंदों में 3 चौके और चार छक्कों की मदद से 63 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसके दम पर इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम 20 ओवर्स में 208 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही और बाद में उन्होंने इस मुकाबले को बड़ी आसानी से अपने नाम भी किया। इंडिया चैंपियंस के खिलाफ जीत के बाद प्वाइंट्स टेबल में साउथ अफ्रीका चैंपियंस की टीम अब 2 मैचों में चार अंकों के साथ पहले नंबर पर पहुंच गई है, जिसमें उनका नेट रनरेट 2.813 का है।

# गिल के सामने बड़ी टेंशन, मैनचेस्टर टेस्ट हारे तो...

## भारत-इंग्लैंड चौथा टेस्ट




भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मुकाबले में अब कुछ ही वक्त बाकी है। टीम इंडिया सीरीज में पहले से ही पीछे है, ऐसे में कप्तान शुभमन गिल इस वक्त जरूर टेंशन में होंगे।

दरअसल टीम इंडिया अगर मैच को हार गई तो एक ऐसा शर्मनाक रिकॉर्ड बनेगा, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था। इससे बचने के लिए टीम इंडिया को ये मैच हर हाल में जीतना ही होगा। नहीं तो शुभमन गिल की कप्तानी पर शुरुआत में ही दाग लग जाएगा।

मैनचेस्टर में टीम इंडिया ने अब तक कुल मिलाकर 9 टेस्ट मैच खेले हैं। साल 1936 से ये सिलसिला शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान भारतीय टीम को 4 में हार का सामना करना पड़ा है और पांच मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। यानी भारतीय टीम एक भी मैच यहां जीत नहीं पाई है। मैनचेस्टर के अलावा केवल बारबाडोस ही ऐसा स्टेडियम है, जहां टीम इंडिया इतने मैच खेलने के बाद भी कोई मुकाबला जीत नहीं पाई है। मैनचेस्टर के आंकड़े तो आपने देख ही लिए, अब जरा बारबाडोस के बारे में भी जान लीजिए। यहां पर भी टीम इंडिया ने अब तक 9 टेस्ट खेले हैं और इसमें से सात हारे हैं, वहीं दो ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यानी यहां भी टीम इंडिया साल 1953 से लेकर अब तक बिना जीत के चल रही है।

अब जरा उसके शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में जान लीजिए। भारतीय टीम के साथ कभी ऐसा नहीं हुआ कि किसी एक मैदान पर टीम ने 10 मैच खेले हों और इसके बाद भी एक भी जीत ना मिली हो। अगर टीम इंडिया ये मैच हारी या फिर मैच ड्रॉ रहा तो ये नया कीर्तिमान होगा। इतना नहीं, दुनिया की कोई भी टीम एक मैदान पर 10 मैच खेलकर एक भी मैच ना जीत पाई हो, ऐसा कभी नहीं हुआ। यानी टीम इंडिया शर्मनाक रिकॉर्ड के बिल्कुल करीब है। अगर जीत मिली, तभी इससे बचा जा सकेगा, नहीं तो शुभमन गिल की कप्तानी पर ऐसा दाग लगेगा, जिसे छुड़ाना आसान नहीं होगा।

# व्यापार

## एयर इंडिया ने बोइंग प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच पूरी की

### जांच के दौरान किसी तरह की कोई समस्या नहीं मिली




टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने कहा कि उसने अपने फ्लीट में मौजूद बोइंग 787 और 737 प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम का इंस्पेक्शन पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने बताया कि उन्हें इस पूरे इंस्पेक्शन के दौरान फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग सिस्टम में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं मिली है। एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान के 12 जून को हुए भीषण हादसे की जांच के बाद पेश अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (ढ्ढक्क) ने पिछले हफ्ते कहा था कि हादसे का शिकार होने से पहले प्लेन के फ्यूल स्विच बंद कर दिए गए थे।

**एयर इंडिया हादसे में मारे गए थे 297 लोग**

AAIB की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद, नागर विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया को 21 जुलाई तक अपने फ्लीट में शामिल बोइंग 787 और 737 विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग सिस्टम का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। एयर इंडिया का बोइंग 787 विमान 12 जून को लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास ही हादसे का शिकार हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 समेत कुल 297 लोगों की मौत हो गई थी।

# आठवां वेतन आयोग : संसद में आया सरकार का जवाब

## क्या जल्द बनेगा नया वेतन आयोग?



8th Pay Commission लागू होने का इंतजार देश के करोड़ों केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स कर रहे हैं। सरकार ने आठवां वेतन आयोग लागू करने का ऐलान किया है लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। अब सरकार ने इस वेतन आयोग को लेकर संसद में जवाब दिया है। आपको बता दें कि सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग (8वीं सीपीसी) के गठन के अपने फैसले की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। सांसद टी.आर. बालू और आनंद भदौरिया ने सरकार से 8वें वेतन आयोग के लिए समिति के गठन की प्रगति के बारे में सरकार से सवाल पूछा था। सरकार के जवाब के अनुसार, प्रमुख हितधारकों से इनपुट मांगे गए हैं। सरकार द्वारा 8वें सीपीसी को अधिसूचित किए जाने के बाद 8वें वेतन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। सरकार ने अभी तक समिति और उसके लिए संदर्भ की शर्तों की घोषणा नहीं की है।

लोकसभा सदस्य टी.आर. बालू और आनंद भदौरिया ने सरकार से संसद में पूछा था कि क्या सरकार ने जनवरी 2025 में इसकी घोषणा के बाद, 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है? अगर, हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और अगर नहीं, तो छह महीने बीत जाने के बाद भी इसे स्थापित न करने के क्या कारण हैं? सरकार ने संसद में उत्तर दियाः सरकार ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) के गठन का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और राज्यों सहित प्रमुख हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं।

8वें केंद्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कब तक की जाएगी और आयोग के कार्यक्षेत्र क्या होंगे? कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए संशोधित वेतनमान कब तक लागू किए जाएंगे?

सरकार ने उत्तर दियाः 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की अधिसूचना सरकार द्वारा जारी किए जाने के बाद 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी।

सरकार ने उत्तर दियाः आठवें वेतन आयोग द्वारा सिफारिशें किए जाने और सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद ही कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

8वें वेतन आयोग के तहत वेतन में बढ़ोतरी फिटमेंट फैक्टर पर निर्भर करेगी जो 1.90 से 1.95 के बीच रह सकता है। आपको बता दें कि वेतन आयोगों में एक प्रमुख अवधारणा फिटमेंट फैक्टर है, जो सभी स्तरों पर संशोधित वेतन और पेंशन की गणना करने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक सामान्य गुणक है।

## कैबिनेट ने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को दी मंजूरी

कैबिनेट ने मंगलवार को भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को मंजूरी दे दी। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। भारत और ब्रिटेन के बीच इस मुक्त व्यापार समझौते पर पीएम मोदी 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर करेंगे। इस समझौते, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ होंगे। बताते चलें कि दोनों देशों ने 6 मई को व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। भारत और ब्रिटेन के बीच इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ों जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर टैक्स हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता बनाने का प्रस्ताव है, ताकि 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सके। इस समझौते में वस्तुओं, सेवाओं, नवाचार, सरकारी खरीद और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे मुद्दों पर अध्याय हैं। समझौते के पाठ पर आमतौर पर दोनों देशों के वाणिज्य मंत्रियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद से मंजूरी की आवश्यकता होगी। दोनों देशों ने दोहरे अंशदान सम्मेलन समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर बातचीत भी पूरी कर ली है। इससे ब्रिटेन में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों द्वारा सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरे अंशदान से बचने में मदद मिलेगी। हालांकि, द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत अभी भी जारी है। दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षर और अनुसमर्थन के बाद एफ्टीए लागू हो जाता है। मुक्त व्यापार समझौतों में, दोनों देश अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं।

### हाउसिंग सेक्टर में स्लोडाउन

## घरों की बिक्री में 32 प्रतिशत की गिरावट



प्रॉपर्टी बाजार सुस्ती की चपेट में आ गया है। इस साल के पहले छह महीने में 1 करोड़ रुपये से कम कीमत के फ्लैट्स की बिक्री में 32 प्र. की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इस दौरान लग्जरी घरों की बिक्री में मामूली पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी-जून, 2025 में सात शहरों - मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और पुणे में घरों की बिक्री सालाना 13 प्रतिशत घटकर 1,34,776 इकाई रह गई। इन आंकड़ों में सभी श्रेणियों के अपार्टमेंट शामिल हैं। रोहाउस, विला और प्लॉट को इसमें शामिल नहीं किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून में फ्लैट (एक करोड़ रुपये से कम) की बिक्री सालाना 32 प्रतिशत घटकर 51,804 इकाई रह गई। हालांकि, इस दौरान प्रीमियम अपार्टमेंट (एक करोड़ रुपये से अधिक) की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 82,972 इकाई हो गई।

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का कहना है कि घरों की बिक्री में गिरावट की वजह प्रॉपर्टी की आसमान छूती कीमत है। मिडिल क्लास लोग चाहकर अपने सपने का आशियाना नहीं खरीद पा रहे हैं कि क्योंकि कीमत उनके बजट से बहुत बाहर निकल गया है। इससे मांग में कमी आई है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के बाद घरों की मांग में एकदम से उछाल आया था। इस मौके का फायदा उठाकर बिल्डर और ब्रोकर ने प्रॉपर्टी की कीमत में पिछले 4 साल में बेतहाशा वृद्धि कर दी। 40 से 50 लाख रुपये में मिलने वाला 2बीएचके फ्लैट के दाम पिछले 3 साल में बढ़कर 1 करोड़ पहुंच गए। इस तेजी से लोगों की आय नहीं बढ़ी है। अब वो चाहकर भी अपना घर नहीं खरीद पा रहे हैं।

## भारत ने 9.74 लाख टन डीएपी का आयात किया

भारत ने अप्रैल से जून के तिमाही में लगभग 9.74 लाख टन डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का आयात किया है ताकि देश की घरेलू मांग को पूरा किया जा सके। यह जानकारी मंगलवार को राज्यसभा में केमिकल्स और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दी। पीटीआई की खबर के मुताबिक, अप्रैल में 2.89 लाख टन, मई में 2.36 लाख टन और जून में 4.49 लाख टन डीएपी का आयात हुआ। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में डीएपी का आयात 45.69 लाख टन रहा, जबकि 2023-24 में यह 55.67 लाख टन, 2022-23 में 65.83 लाख टन, 2021-22 में 54.62 लाख टन और 2020-21 में 48.82 लाख टन था।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ बड़े व्यापारिक समझौते का किया ऐलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान के साथ हुए बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की है। इसके तहत जापान के अमेरिका को निर्यात पर पारस्परिक 15 प्र. टैरिफ लगाए जाएंगे। सीएनबीसी की खबर के मुताबिक, ऑटोमोबाइल उत्पादों पर भी टैरिफ इसी स्तर तक घटाए जाएंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को शायद अब तक का सबसे बड़ा सौदा बताया और कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा, जिसमें अमेरिका को 90 प्र. लाभ हासिल होंगे। खबर के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि जापान अपने देश को कार, ट्रक, चावल और अन्य कृषि उत्पादों सहित कई चीज़ों के व्यापार के लिए खोल देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि यह समझौता सैंकड़ों हजारों नौकरियां पैदा करेगा। जापान के बड़े व्यापार वार्ताकार रयोसेई अकाजावा ने इस घोषणा के तुरंत बाद X (पूर्व ट्विटर) पर #MissionAccomplishe लिखकर सभी संबंधित लोगों का हार्दिक धन्यवाद दिया। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने कहा कि टोक्यो पर ऑटोमोबाइल टैरिफ को मौजूदा 25 प्र. से घटाकर 15 प्र. किया जाएगा, जो जापान की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



कस्टम डेटा के मुताबिक, साल 2024 में जापान के कुल निर्यात का 28.3 प्र. हिस्सा ऑटो उत्पादों का है। वैसे, जून में जापान के अमेरिका को ऑटो निर्यात में 26.7 प्र. की गिरावट आई है, जो मई के 24.7 प्र. गिरावट के बाद जारी है। जनवरी से जून तक जापान का अमेरिका को कुल निर्यात 10.3 खरब येन (70.34 अरब) रहा, जो पिछले साल की तुलना में 0.8 प्र. कम है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट के बाद एक भाषण में कहा कि जापान और अमेरिका एक अतिरिक्त समझौता भी कर रहे हैं, जिसमें लिक्विडिफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) शामिल है। उन्होंने बताया कि हमारे पास कल यूरोप के साथ भी एक सौदा आने वाला है।

**शेयरों में जबरदस्त उछाल**

समझौते की खबर के बाद जापानी बाजार में तेजी देखी गई, खासकर ऑटोमोबाइल कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। होंडा के शेयर 8त्न से अधिक बढ़े, टोयोटा 11 प्र. से ऊपर चढ़ा, निसान 8प्र. से अधिक उछला, मैज्दा मोटर 17प्र. से अधिक और मित्सुबिशी मोटर्स 13 प्र. तक बढ़े।

## एक नजर



**रायपुर, 23 जुलाई।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जापान में आयोजित एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 के अंडर 57 केजी कैटेगरी में डेड लिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतने वाली श्रीमती नमी राय पारेख जी से सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## डॉ. सारस्वत पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त

**रायपुर, 23 जुलाई।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा प्रोफेसर डॉ. विरेन्द्र कुमार सारस्वत को पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर, का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 (संशोधन अधिनियम, 2006, 2010 एवं 2019) की धारा 9(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ. सारस्वत का कार्यकाल, परिलब्धियां तथा सेवा शर्ते विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। वर्तमान में डॉ. सारस्वत, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

## मुख्यमंत्री साय ने लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर किया नमन

**रायपुर, 23 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती (23 जुलाई) के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। उन्होंने कहा कि देश की आज़ादी के लिए इन दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अविस्मरणीय है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा जैसे क्रांतिकारी उद्घोष के माध्यम से जनमानस में आज़ादी के लिए चेतना की ज्वाला प्रज्वलित की। उन्होंने सामाजिक समरसता के उद्देश्य से महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की सार्वजनिक परंपरा की शुरुआत कर राष्ट्रीय एकता को एक नया सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। साय ने चंद्रशेखर आजाद के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम की ज्वलंत प्रेरणा हैं। आजाद ने अपना जीवन देश को समर्पित कर युवाओं में आत्मबल, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को जाग्रत किया। उनका नाम ही देशभक्ति, अदम्य साहस और संकल्प का प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिलक जी और आजाद जी का संघर्ष और बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्तंभ हैं। उनके विचार, आदर्श और राष्ट्रप्रेम आज भी हम सभी को देश की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

## संविदा में कार्यरत ईएनसी का कार्यकाल बढ़ा

**रायपुर, 23 जुलाई।** प्रदेश में इस समय मुख्य अभियंता सहित अन्य प्रमुख पदों पर चालू प्रभार दिया जा रहा है, जिसको लेकर मंत्रियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जल संसाधन विभाग इंद्रजीत उइके का कार्यकाल 6 माह का बढ़ा दिया गया है। वहीं मंडी बोर्ड में अवकाश प्राप्त सवनी को एमडी बना दिया गया है। जल संसाधन विभाग के उप सचिव रविन्द्र मेडकर द्वारा जारी आदेशानुसार राज्य शासन ने जल संसाधान विभाग के सेवानिवृत्त ईएनसी इंद्रजीत उइके को 6 जुलाई को संविदा नियुक्ति प्रदान की। उन्हें छह महीने के लिए इस पद पर नियुक्त किया। अब उन्हें सभी प्रकार वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार भी प्रदान कर दिए हैं। उइके सेवानिवृत्ति से पहले भी ईएनसी थे। उनको इस पद पर नियुक्ति मिल गई।

**प्रदेश में 75 प्रतिशत बोनी पूर्ण**

# वर्षा अच्छी होने से रोपा एवं बियासी कार्य में आ रही तेजी

**कृषकों को 10 लाख टन खाद का वितरण**

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 जुलाई।** राज्य में खंडित वर्षा होने के बावजूद शत्-प्रतिशत बोनी पूर्ण हो गई है। अच्छी वर्षा होने के पश्चात अब बियासी कार्य में तेजी आएगी। सरकार द्वारा 48 लाख हेक्टेयर में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इधर सरकार का दावा है कि कृषकों की मांग की अनुरूप खाद की आपूर्ति की जा रही है। मौसम विभाग, राजस्व और कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 33 जिलों के कुल 225 तहसील हैं। उत्तरी एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य छत्तीसगढ़ में भी अच्छी वर्षा हो रही है, जिसके कारण 75 प्रतिशत बोनी का लक्ष्य पूरा हो चुका है। 31 जुलाई तक 446 एमएल वर्षा रिकॉर्ड की गई है। कृषकों के अनुसार बोआई के पश्चात रोपाई-बियासी का कार्य में तेजी आ गई। इस समय खाद को लेकर किसान परेशान हैं। सरकार के अनुसार कुल 10 लाख टन खाद उपलब्ध करा दी गई है। इस समय डीएपी खाद की सर्वाधिक मांग है, तरल नैनो डीएपी की मांग है, लेकिन किसान इसे यूरिया में मिलाकर उपयोग कर रहे हैं। डीएपी की कीमत 1300 क्विंटल है। इधर महासमुंद जिले में खाद के संकट पर किसानों ने चिंता जताई है, जिले में 57070 मीट्रिक टन एवं 31955 लक्ष्य के विरूद्ध आपूर्ति की गई है। कृषकों के मांग के अनुसार इसे वितरित किया जा रहा है। बालोद जिले में भी रासायनिक खाद की आपूर्ति को लेकर किसान परेशान हैं, वर्तमान में डीएपी की लक्ष्य 11300 मीट्रिक टन के विरूद्ध 5247 मीट्रिक टन तथा एनपीके लक्ष्य के विरूद्ध 8997 का भण्डारण किया गया है। जन प्रतिनिधियों ने इस पर अपना रोष जाहिर किया है। अधिकारियों के अनुसार अभी तक 14 लाख टन उर्वरक वितरण विरूद्ध, 13 लाख टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 70 प्रतिश है। खरीफ वर्ष में 495 क्विंटल प्रमाणित बीज का लक्ष्य रखा गया है। इसकी तुलना में 7.22 लाख क्विंटल बीज भी दिए गए हैं, यह लक्ष्य 146 प्रतिशत ज्यादा है। रायपुर जिले में कुल 39 हजार एकड़ में बोनी का लक्ष्य रखा गया है, जोकि अब पूरा हो रहा है। राज्य में इस समय खाद और बीज को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं किसान नेताओं द्वारा दी गई ब्यान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषि अधिकारयों को निर्देश किया है कि खाद और बीज की कमी न होने दे।

# चैतन्य बघेल 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर



**शराब घोटाला**

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 23 जुलाई ।** शराब घोटाले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। अब 4 अगस्त तक चैतन्य बघेल रायपुर सेंट्रल जेल में रहेंगे। बता दें कि शराब घोटाला मामले में ईडी की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को उनके निवास भिलाई से 18 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की टीम चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड मिलने के बाद ईडी की टीम चैतन्य बघेल को लेकर ईडी के दफ्तर पहुंची थी। पांच दिनों तक हुई पूछताछ के बाद रिमांड खत्म होने पर मंगलवार को दोबारा से चैतन्य बघेल को रायपुर विशेष कोर्ट में पेश किया गया था। जहां जज ने फैसला सुनाते हुये 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ईडी के अनुसार शराब घोटाला मामले की जांच के दौरान पूछताछ में शराब कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू ने ईओडब्ल्यू को बयान दिया था कि, उसने और चैतन्य बघेल ने मिलकर 1000 करोड़ से ज्यादा घोटाले की रकम को हैंडल किया। यह कैश अनवर ढेबर ने दीपेन चावड़ा को पहुंचाया। यह पैसा बाद में राम गोपाल अग्रवाल को दिया गया। इसकी व्यवस्था चैतन्य बघेल के साथ मिलकर की गई और चैतन्य बघेल के कहने पर 1000 करोड़ में से 100 करोड़ नकद केके श्रीवास्तव को दिया गया।

# राजधानी में हुई झमाझम वर्षा

**कई पॉश कालोनियों एवं निचली बस्तियों में भरा पानी**



**रायपुर, 23 जुलाई ।** राजधानी में आज दूसरे दिन में भी झमाझम वर्षा होने के कारण कई प्रमुख कालोनियों, प्रमुख मार्गों तथा निचली बस्तियों में पानी भर गया है। भारी वर्षा के पश्चात विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जोन आयुक्त वस्तुस्थिति की जानकारी लेने निकले।


मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार एक ऊपरी हवाओं में चक्रवात निर्मित होने के कारण इस समय रायपुर के अलावा दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा हो रही है। राजधानी में कल कुल 31 एमएम वर्षा हुई थी। आज भी इससे ज्यादा वर्षा होने का अनुमान है। शहर के पास कॉलोनी शंकर नगर, समता कालोनी, चौबे कालोनी, प्रोफेसर कालोनी, भगवती चरण शुक्ला वार्ड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पानी भरने की शिकायत आई है। स्थानीय प्रेस क्लब में भी पानी भरा हुआ है। मोआ-सड्डू तथा माना के आसपास पर्याप्त वर्षा नहीं होने का समाचार मिला है।

डॉ. चन्द्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, कोंटई और उसके बाद पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तटीय आंध्र प्रदेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से तटीय आंध्र प्रदेश के मध्य भाग तक 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बंगाल की खाड़ी में अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है, इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। प्रदेश में कल दिनांक 23 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है।

# वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 जुलाई।** वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे और पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के बेटे 19 वर्षीय निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. मंदिर हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत नवा रायपुर में सुबह करीब 4-5 बजे के बीच बाइक के डिवाइडर से टकराने से निखिल कश्यप की मौके पर मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सत्य साई अस्पताल के पास हुई, जहां निखिल अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई. हादसा इतना जोरदार था कि बुलेट के परखच्चे उड़ गए. हादसे में निखिल की मौत हो गई, वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है. दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### मुख्यमंत्री साय ने जताया शोक



**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में मौत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक जताया है. उन्होंने शोकाकुल कश्यप परिवार को दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है. वनमंत्री श्री केदार कश्यप जी के भतीजे एवं पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप जी के सुपुत्र, श्री निखिल कश्यप की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## खमढोड़गी जलाशय में नौकायन शुरू

**रायपुर, 23 जुलाई।** कांकेर जिले के ग्राम खमढोड़गी (ग्राम पंचायत कोकपुर) में आज से पर्यटन की एक नई पहल की शुरुआत हो गई है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने खमढोड़गी जलाशय में बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन (नौका विहार) का शुभारंभ किया। यह पहल राज्य सरकार की ग्रामीण पर्यटन विकास नीति और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने कहा कि खमढोड़गी जैसे स्थलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इस पहल से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इस मौके पर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने बताया कि यह योजना क्षेत्र के विकास और युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहाँ ट्रेकिंग, होम स्टे और अन्य पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा।

# मोबाइल फाइनेंस का झांसा देकर धोखाधड़ी

**16 आईफोन के साथ कारोबारी गिरफ्तार**



**रायपुर, 23 जुलाई।** राजधानी रायपुर में मोबाइल फाइनेंस का झांसा देकर लोन की रकम की धोखाधड़ी करने वाला कारोबारी गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ने लोगों को मोबाइल फाइनेंस कराने के नाम पर डॉक्युमेंट्स ले लिए. लेकिन न लोगों को मोबाइल मिला न ही कोई रकम. पुलिस ने आरोपी सिमरन जीत सिंह अजमानी उर्फलवली (31 साल) के पास से 16 आईफोन बरामद किया है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी सिमरन जीत सिंह ने लोगों को मोबाइल फाइनेंस करा देने का झांसा दिया. उन्हें झांसा देकर डॉक्युमेंट्स ले लिए गए. साथ ही मोबाइल फोन के साथ तस्वीरें भी ले ली गई. हैरानी की बात है कि आरोपी की मोबाइल शॉप कई महीने पहले बंद होने के बाद भी फाइनेंस कंपनियों से जुड़े कर्मी लोन की रकम देते रहे.

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि आरोपी द्वारा कई लोगों से मोबाइल फाइनेंस करा देने का झांसा देकर डॉक्युमेंट्स लिए गए. मोबाइल फोन के साथ उनकी तस्वीरें खींची गई. लेकिन लोगों को न तो रकम मिली और न ही मोबाइल फोन ही दिया गया.

# पर्यावरण है तो प्राण है : बजाज

**ग्राम उमरपोटी में वृहद पौधरोपण**



**रायपुर, 23 जुलाई।** पर्यावरण हैं तो प्राण हैं, इसकी रक्षा करना प्राणों की रक्षा करने के समान हैं। उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम उमरपोटी मे आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम मे व्यक्त किये। इस अवसर पर गौठान में सैकड़ों पौधे लगाये गए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री तुलाराम धिवर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, कलार डडसेना समाज अभनपुर के मंडलेश्वर शांतनु सिन्हा, सरपंच पिंकेश्वर सिन्हा, आलेखुटा के सरपंच झाडूराम सिन्हा, सुंदरकेरा के पूर्व सरपंच नत्थूराम साहू, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा, योगेंद्र ध्रुव, उपसरपंच प्रीतम सिन्हा, रूपचंद नागवंशी, अवधराम नागवंशी, अलेन पटेल, संतोष सिन्हा व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उठाए गए मलेरिया उन्मूलन के लिए प्रभावी और ठोस कदम

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ जैसे विशाल राज्य में जहां विविध भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियाँ हैं वहाँ मलेरिया की रोकथाम एक बड़ी चुनौती रही है. छत्तीसगढ़ आरम्भ से ही मलेरिया से हलाकान रहा है. राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश ने मलेरिया उन्मूलन की दिशा में बहुत से प्रभावी और ठोस कदम उठाए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने वैज्ञानिक, तकनीकी और जनसहभागिता आधारित रणनीति अपनाकर मलेरिया के फैलाव को रोकने में बड़ी कामयाबी पाई है.

मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है जिसका उद्देश्य है हर नागरिक तक समय पर स्वास्थ्य सुविधा पहुँचे और बीमारी से पहले ही रोकथाम की जा सके. मलेरिया से निपटने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमारी फैलने से पहले रोकथाम पर ज़ोर दिया जाए.इसके लिए जनजागरूकता अभियान तेज़ करने पंचायत स्तर तक निगरानी तंत्र को मजबूत करने और जिला और ब्लॉक स्तर पर मेडिकल स्टाफ़ को प्रशिक्षित करने के लिए निर्देश दिए.

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति और आदिवासी बहुल क्षेत्र इसे मलेरिया की दृष्टि से बहुत संवेदनशील बनाता है. बस्तर, सरगुजा, कांकेर जैसे इलाकों में मानसून के समय जलजमाव और गंदगी मलेरिया के लिए अनुकूल वातावरण बनाती हैं. बरसात में जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और मलेरिया और डेंगू जैसे रोगों से ग्रसित लोगों की संख्या भी बढ़ती है. इस समस्या से उबरने के लिए राज्य की साय सरकार ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान चलाया. इस अभियान में घर-घर जाकर स्क्रीनिंग और दवा वितरित कर मलेरिया पर अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है.छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा संचालित मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान (12वां चरण) की अब तक की प्रगति से स्पष्ट है कि राज्य शासन की घर-घर स्क्रीनिंग रणनीति और सक्रिय जनसंपर्क के माध्यम से मलेरिया की जड़ पर प्रहार किया जा रहा है.

हाल ही में 25 जून से 14 जुलाई 2025 तक हुए सर्वेक्षण में 1884 मलेरिया पॉजिटिव मरीजों की पहचान की गई, जिनमें से 1165 मरीज (61.8 प्र.) बिना लक्षण वाले थे. इसी सिलसिले में लगभग 14 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई इसके अलावा फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे और मच्छरदानी वितरण करके मलेरिया संक्रमण दर में 60त्न तक गिरावट देखी गई.छत्तीसगढ़ में मलेरिया के खिलाफ निर्णायक बढ़त – 61.8त्न बिना लक्षण वाले मरीज समय पर पहचाने गए और संक्रमण की कड़ी को तोड़ दी गई .

कई बड़ी चुनौतियाँ के बावजूद प्रदेश की साय सरकार ने अपने प्रयासों से राज्य में बड़ा बदलाव लाया है. राज्य सरकार के लिए प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुँचना मुश्किल था, पानी की स्थायी समस्या से उबरना भी एक चुनौती रही इसके अलावा स्वास्थ्य और बीमारियों को लेकर जनजागरूकता में कमी भी बड़ी चुनौती थी. इन सब का सामना करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य विभाग ने जो मेहनत की उसका परिणाम यह रहा कि मलेरिया और डेंगू के मामलों में 50-60 प्र. की गिरावट देखी जा रही है.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे सरकार की नीति स्पष्ट है बीमारी की प्रतीक्षा मत करो, बीमारी से पहले पहुँचो. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान राज्य को मलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा.

# रायपुर में चक्काजाम के दौरान आपस में भिड़े कांग्रेस नेता

**सुशील शुक्ला और गिरीश दुबे के बीच हुई बहस, बीजेपी ने ली चुटकी**

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 जुलाई।** कांग्रेस ने 22 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को प्रदेश भर में चक्काजाम किया.

वहीं रायपुर में कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी के दौरान कांग्रेस नेताओं की बीच आपसी बहस हो गई. कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला और जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई. जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. बीजेपी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि- कांग्रेस में आपसी मतभेद हुआ प्रमाणित. अपने असफल नाकेबंदी के दौरान सड़क पर ही भीड़ गए कांग्रेसी संचार प्रमुख और जिला अध्यक्ष. यही है कांग्रेस के हालत, जनता भी जान चुकी है ये हो चुके हैं भ्रष्टाचार में बर्बाद.

**एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे कांग्रेस नेता : अरुण साव**

कांग्रेस के प्रदर्शन में नेताओं के बीच हुए विवाद को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता आपस में झगड़े हैं. यह कांग्रेस पार्टी की दुर्दशा को दिखलाता है. नेताओं में कुर्सी दौड़ चल रही है.

कांग्रेस में नेता एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं. जनता कांग्रेस से बहुत दूर जा चुकी है. कांग्रेस का आर्थिक नाकेबंदी पूरी तरीके से फ्लॉप रहा. आर्थिक अपराध करने वाले ने आर्थिक नाकेबंदी की.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26